

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित


वर्षः 1 अंकः 337 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 27 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## वो दिन गए, जब कुछ देश तय करते थे एजेंडा...

### UNGA में गरजे विदेश मंत्री जयशंकर, आतंकवाद पर भी प्रहार

**समाज जागरण**

न्यूयॉर्क. पश्चिमी देशों पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि कुछ देशों द्वारा एजेंडा तय करने और दूसरों से उसके अनुरूप होने की उम्मीद करने के दिन अब खत्म हो गए हैं. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र की आम बहस में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति और बातचीत ही एकमात्र प्रभावी समाधान हैं.



जयशंकर ने कहा, 'आधुनिकता को आत्मसात करने वाले सभ्यतागत राज्यतंत्र के रूप में हम परंपरा और प्रौद्योगिकी दोनों को विश्वास के साथ समान रूप से संग लाते हैं. यही मेल आज इंडिया को परिभाषित करता है जो भारत है.'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस महीने के पूर्वार्द्ध में भारत की मेजबानी में दिल्ली में हुए जी20 के शिखर सम्मेलन में भारत के नेता के रूप में संबोधित किया गया था. सरकार ने विभिन्न आधिकारिक जी20 दस्तावेजों में देश के नाम के रूप में भारत का उल्लेख किया.

## 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़वाकर BJP ने खेला मध्यप्रदेश में बड़ा सियासी दांव ?

**नई दिल्ली.** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 3 केंद्रीय मंत्रियों समेत 7 सांसदों को टिकट देकर चौंका दिया है. इसमें मुरैना की दिमनी सीट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, सतना से सांसद गणेश सिंह, सीधी से सांसद रीती पाठक, जबलपुर पश्चिम से सांसद राकेश सिंह, गडरवारा से सांसद उदय प्रताप सिंह, नरसिंहपुर से केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को विधानसभा टिकट दिया गया है.

भाजपा की इस सूची में केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के शामिल होने से चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है. इस सूची के सामने आने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं तो इसे 2024 के पहले का सेमीफायनल भी कहा जा रहा है. दिग्गजों के चुनाव मैदान में आने से कार्यकताओं में जोश बढ़ गया है. वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की सूची पर लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है. जानकारों का कहना है कि केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के चुनाव लड़ने से आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ेगा.



### इस तरह का रहा है इन सीटों का इतिहास

मुरैना की दिमनी सीट जहां से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बीजेपी के उम्मीदवार हैं; में बीजेपी पहले कई बार जीत चुकी है. 1980 से 1993 तक इस सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा. लेकिन 1993 में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी. 1998 से 2013 तक यह सीट बीजेपी के कब्जे में रही जबकि इसके बाद 2013 में यह सीट बहुजन समाजवादी पार्टी और फिर 2018 में कांग्रेस और 2020 के उपचुनाव में कांग्रेस के खाते में गई थी.

### जबलपुर पश्चिम में कांग्रेस को मिलेगी बड़ी चुनौती

जबलपुर पश्चिम की बात करें तो 1990 से 2013 तक यह सीट बीजेपी के खाते में थी लेकिन 2013 से अब तक इस सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की और यहां से तरुण भनोट 2013 से अभी तक विधायक हैं.

गाडरवारा से 2018 में सुनीता पटेल विधायक बनी जो कि कांग्रेस की सदस्य है.

नरसिंहपुर से एक भाई का टिकट काटा और दूसरे भाई को दिया 2018 में नरसिंहपुर से जालम सिंह पटेल विधायक हैं जो बीजेपी के हैं. उनके बदले प्रह्लाद पटेल को वहां से टिकट दिया गया है. जालम पटेल प्रह्लाद पटेल के भाई है. इसके अलावा जबकि निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को टिकट दिया गया है जहां 2018 से कांग्रेस के अशोक मर्सकोले विधायक हैं.

सतना और सीधी में सांसदों को टिकट देकर डेमैज कंट्रोल किया सतना की सीट पर भी 2003 से 2018 तक बीजेपी का कब्जा रहा है. लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने जीत हासिल की. अगर सीधी सीट की बात करें तो यह सीट 2008 से बीजेपी के कब्जे में है और 2008 से अभी तक केदारनाथ शुक्ला पार्टी के विधायक रहे हैं. माना जा रहा है कि पेशाब कांड विवाद के कारण उनका पार्टी ने टिकट काट दिया.

## इन्द्र पूजा को लेकर बना चन्द्रयान3 के तर्ज पर बना पण्डाल

**समाज जागरण**

**जयनगर नित्यानंद झा राजू**

**जयनगर** कमला रोड स्थित कमला बांध पर बना इन्द्र पूजा का पण्डाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इन्द्र पूजा समिति के निदेर्शानुसार इस पण्डाल का निर्माण अमन टेंट हाउस दुल्लीपट्टी ने किया है। इन्द्र पूजा समिति के संरक्षक अशोक पासवान ने बताया कि चन्द्र यान 03 की चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफल लैंडिंग को देखते हुए इस बार इन्द्र पूजा समिति ने चन्द्र यान 03 के मोडल पर इन्द्र पूजा का पण्डाल बनाने का निर्णय लिया है। चन्द्र यान 03 के डिजाइन का पण्डाल जहाँ क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।




## किसानों से दुश्मनी लेकर न कोई सरकार बन सकती है और न चल सकती है - किसान!

### बुद्धा रिजॉर्ट औरंगाबाद में किसान संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण,**
**अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ**
**बिहार- झारखंड प्रदेश**

### भ्रष्ट अफसरों, सरकारों तथा एनएचएआइ द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का हुआ ऐलान।

बुद्धा रिजॉर्ट औरंगाबाद में किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसान नेता वीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण से पीड़ित संघर्षरत किसानों की बैठक हुई जिसका संचालन विकाश कुमार सिंह ने किया इस बैठक में उपस्थित किसानों को प्रदेश के पूर्व मंत्री सह किसान नेता अखलाक अहमद , भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह जिला परिषद प्रतिनिधि सुबोध कुमार सिंह ने संबोधित किया।

यह बैठक 9 अक्टूबर को किसानों के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत के प्रस्तावित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजित थी। किसान नेता राकेश टिकैत इस यात्रा के दौरान बिना उचित मुआवजा दिए किसानों की जमीन हड़पने और भ्रष्ट अफसरों द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करेंगे।

श्री टिकैत औरंगाबाद के गांधी मैदान में 9अक्टूबर को किसान शंखनाद आंदोलन का बिगुल फुकेंगे जहां भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों को प्रशासनिक उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अखलाक अहमद ने कहा कि भारत सरकार की परियोजनाओं में केंद्र को पैसा देना है और पेट में ममोरे नीतीश कुमार की सरकार और उसके संपोषित भ्रष्ट अफसरों को उठ रहा हैं। आखिर बात क्या है इसके भी जल्द खुलासे होंगे। बिहार का किसान और मजदूर सिर्फ



प्रतिकूल परिस्थितियों में अनाज ही पैदा करना नहीं जानते बल्कि अपने दुश्मनों को धूल चटाना भी जानते हैं।

श्री अहमद ने कहा कि किसानों से दुश्मनी लेकर न कोई सरकार बन सकती है और न चल सकती है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों को मुआवजा मौजूदा दर से चार गुना अधिक दिए बगैर काम लगाने की गलती नहीं करे। भ्रष्ट अफसर आज तक अपने रिश्वत का रेट तो तय कर नहीं कर सका, दिन दुना और रात चौगुना बढ़ता ही जा रहा है और वह चला है किसानों की जमीन का दर तय करने। सिर्फ किसान ही जानता है कि मौजूदा समय में जमीन का रेट क्या है।

बैठक में किसान नेता संजीव सिंह ,रमाकांत पांडेय, मनोज सिंह, भीम सिंह, राजकुमार सिंह, अभय सिंह, सतीश सिंह, नकुल जी आदि ने भी अपने विचारों को रखा तथा 9 अक्टूबर के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विनय सिंह, उमा कांत सिंह, रवि दुबे, अमरेश दुबे, कमला सिंह, जगत सिंह, अनिल सिंह, संतोष कुमार गौतम , पैक्स अध्यक्ष साधु जी , पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह तथा अन्य किसान उपस्थित रहे।

## समग्र जीवन दर्शन है श्रीमद्भागवत कथा : योगी आदित्यनाथ

### युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथाका शुभारंभ

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 26 सितंबर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा न केवल एक कथा है अपितु समग्र जीवन दर्शन है। इस संसार में कर्म के फल से ही सुख-दुख प्राप्त होता है। कर्म से यदि स्वर्ग भी प्राप्त होता है तो वह भी नित्य नहीं है। जब तक पुण्य है तभी तक स्वर्ग भोग करेंगे। जब पुण्य छीण होगा तो पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ेगा। ऐसे में इस आवागमन के चक्र से मुक्ति का मार्ग बताने वाली कथा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा है, जो जीव को मुक्ति दिलाती है।





सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ प्रतिवर्ष श्रीराम कथा अथवा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करती है। इस वर्ष हमारे बीच में श्रीमद्भागवत कथा के विश्व विश्रुत विद्वान भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज उपस्थित हैं। व्यासपीठ की पूजा करने व आरती उतारने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथा सबसे पहले इसी उत्तर प्रदेश की भूमि नैमिषारण्य में सुनाई गई थी। इस कथा को लोग सुनते हैं और जानते हैं कि यह हमारे पूर्वजों की कथा है। यह हमारी संस्कृति की कथा है इसमें भगवान की लीला का वर्णन है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के दायित्व के साथ-साथ धर्म का आचरण करना और प्रभु की लीला का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि कहा गया है, जहां धर्म होता है, वहीं विजय भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने सनातन धर्म की उपेक्षा की तथा कथा को काल्पनिक बताया । पर, वर्तमान सरकार बनाने के बाद आज धार्मिक स्थलों का पुनुरुद्धार हो रहा है जो 19 47 में ही हो जाना चाहिए था।



मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास वृंदावन मथुरा से पधारे भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री 'ठाकुर जी' ने कराया। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी। इसका विराम हवन एवं भंडारे के साथ 2 अक्टूबर को होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने अखंड ज्योति स्थापित की। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, राघवाचार्य, अवधेश दास, दासलाल जी, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, संतोष दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


**आकर्षक आ-ॅफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन**

**समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm**


### मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट 5 दिनों तक सस्पेंड, राज्य के सभी स्कूल 27 और 29 सितंबर को बंद

इम्फाल. इम्फाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर मंगलवार को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के कुछ घंटे बाद मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया. इम्फाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 से अधिक छात्र घायल हो गए.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के लिए राखी गिफ्ट, सपनों के पूरे होने की गारंटी....अहमदाबाद में बोले PM मोदी

अहमदाबाद. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे में मंगलवार शाम को अहमदाबाद पहुंचे. एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल सहित तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. यहीं एयरपोर्ट के पास पीएम मोदी नारी शक्ति वंदन- अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए. पीएम मोदी ने रोड शो भी किया. वे खुली जीप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. यहां भारी भीड़ उमड़ी. पीएम मोदी ने भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया.

### घर से लेकर संसद तक के फैसलों में गुजरात के अनुभवों की बड़ी भूमिका

पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, ये मोदी की गारंटी है. ये सपना वर्षों पहले हमने और आपने गुजरात की धरती पर एक साथ देखा था. हमने गुजरात में परिवार, समाज और राज्य तीनों स्तरों पर महिला सशक्तिकरण के कई कार्यक्रम चलाए. गुजरात स्थानीय निकायों में महिलाओं 50 प्रतिशत आरक्षण है. हमने तय किया था कि जिन पंचायतों में प्रधान महिला का आरक्षण होगा, वहां अतिरिक्त बजट दिया जाएगा. आज देश में घर से लेकर संसद तक जो फैसले हो रहे हैं, उनमें गुजरात के अनुभवों की बड़ी भूमिका है. गुजरात पुलिस समेत सभी सरकारी भर्ती में 33 फीसदी का आरक्षण है. डेयरी में 35 लाख से ज्यादा महिलाएं भागीदारी कर रही है.

### जब देखा कि सरकार मानने वाली नहीं है तो विपक्ष को मनमार कर समर्थन देना पड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा है. ये आपका सामर्थ्य है. उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले इन लोगों ने आपकी ताकत को कमजोर करने का पैंतरा चला; किंतु परंतु लगा रहे थे. जब देख लिया कि ये सरकार मानने वाली नहीं है संसद के अंदर क्या हो रहा है तो मन मार कर समर्थन देना पड़ा.

ये मोदी की गारंटी है कि महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े

पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, ये मोदी की गारंटी है. ये सपना वर्षों पहले हमने और आपने गुजरात की धरती पर एक साथ देखा था. हमने गुजरात में परिवार, समाज और राज्य तीनों स्तरों पर महिला सशक्तिकरण के कई कार्यक्रम चलाए.

# मप्र विधानसभा चुनाव

## सप्तऋषियों को दांव पर लगाने की विवशता

**दैनिक समाज जागरण**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सचमुच 2018 के चुनावों की ही तरह एक गंभीर चुनौती हैं,इस बात का प्रमाण भाजपा द्वारा जारी प्रत्याशियों की दूसरी सूची से प्रमाणित हो गयी है। एक तो भाजपा नेतृत्व को दूसरी सूची जारी करने में पूरे दो महीने लग गए और जब सूची आयी भी तो उसने किसी को चौंकाया नहीं,क्योंकि सबको पता था कि भाजपा इस बार चुनावी मैदान मारने के लिए अपने तमाम वर्तमान सांसदों को भी मैदान में उतारेगी। इस बात में चौंकाने वाली बाते सिर्फ इतनी है कि भाजपा को अपने अनेक केंद्रीय मंत्री तक दांव पर लगाना पड़े हैं। जिन सांसदों को पहली सूची में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है उन्हें भाजपा का ' सप्तऋषि ' कहा जाता है।

किसी भी राजनितिक दल द्वारा अपने वर्तमान सांसदों को विधानसभा चुनावों में उतारना कोई नया प्रयोग नहीं है ,किन्तु जिन हालात में भाजपा को ये सब करना पड़ा है उसे समझा जा सकता है। भाजपा की मप्र इकाई में इस समय भयानक असंतोष और बिखराव है ,ऐसे में सांसदों का इस्तेमाल भाजपा नेतृत्व की विवशता कही जा सकती है।

मध्यप्रदेश में जिन 07 सांसदों को मोर्चे पर भेजा गया है उनमने से एक केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक जमाने में भाजपा की शिवराज सिंह चौहान के ' संकटमोचक ' माने जाते थे। पार्टी में जब-जब संकट आया इन दोनों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आगे बढ़कर मदद की थी। मजे की एक बात ये भी है कि जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है उनमने से नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय ,प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते का नाम अनेक बार शिवराज सिंह चौहान के विकल्प के रूप में भी उछला ,किन्तु इन चारों के भाय में शायद मुख्यमंत्री बनना लिखा नहीं था ,सो हर बार फैसला टल गया और शिवराज सिंह चौहान साफ बच गए।

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना जिले की सबसे आसान माने जाने वाली दिमनी सीट से प्रत्याशी बनाये गए है। ये पहले सुरक्षित सीट थी और लम्बे आरसे तक भाजपा के कब्जे में रही । बाद में इस सीट से बसपा और कांग्रेस भी जीती। कैलाश विजयवर्गीय को भी इंदौर -1 सीट से प्रत्याशी बनाया गया है ,उनके लिए भी ये सीट जीतना आसान काम है । इन दोनों नेताओं को शायद ये आसान सीटें इसलिए दी गयीं ताकि ये दोनों पूरे प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए समय दे सके । तोमर तो प्रदेश भाजपा चुनाव अभियान समिति के प्रमुख भी हैं। वे लम्बे समय से प्रदेश की राजनीति में लौटने के लिए व्याकुल भी थे । कैलाश विजयवर्गीय की भी कमोवेश यही स्थिति है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भाई जालम सिंह पटेल का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह पर पार्टी ने उन्हें नरसिंहपुर से टिकट दिया है। यहां वंशवाद आड़े नहीं आया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को भी भाजपा ने टिकट दिया है। वह निवास सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जबलपुर से सांसद राकेश सिंह को भी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ा रही है। राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम सीट से टिकट दिया गया है।सासंद रीती पाठक को सीधी से पार्टी ने टिकट दिया है। सतना सांसद गणेश सिंह को बीजेपी ने सतना से ही टिकट दिया है। इसके साथ ही होशंगाबाद से सांसद उदय प्रताप सिंह को पार्टी गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा रही है। उनके नाम की घोषणा कर दी गई है।

भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची में 39 प्रत्याशी घोषित किये गए था । ये सभी वे सीटें थीं जो भाजपा पिछले विधानसभा चुनावों में हार गयी थी । इन प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जो गर्द-गुबार पार्टी के भीतर उठना था वो उठकर शांत हो चुका है। दूसरी सूची तैयार करने में भाजपा को पसीना आ गया और पूरे दो महीने लगे। दूसरी सूची में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बाते ये है कि इसमें सबसे ज्यादा असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का नाम दूर-दूर तक नहीं है । उनके विकल्प के रूप में प्रह्लाद पटेल को आगे लाया गया है। पार्टी के इस फैसले से जाहिर है की अब उसे उमा भारती की न जरूरत है और न कोई परवाह। उमा भारती अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़ी होती रहीं है। पहले उनकी खिलाफत शिवराज सिंह सरकार के विरोध तक सीमित थी किन्तु अब नारी शक्ति वंदन विधेयक में पिछड़ों को आरक्षण की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। उमा भारती को इसकी सजा फौरन मिल भी गयी है।

भाजपा ने सुश्री उमा भारती को शून्य करने के लिए पिछले महीने ही उनके भतीजे को उनकी सहमति के बिना प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया था। पार्टी ने इतनी कृपा जरूर की की पिछोर सीट से उनके धर्म भाई प्रीतम लोधी को विधानसभा का टिकिट दे दिय। उमा जी अपने कम से कम दो दर्जन समर्थकों के लिए टिकिट मांग रहीं थी। दूसरी सूची में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी न आना चौंकाने वाला समझा जा रहा है। अन्यथा उनका नाम बुधनी से घोषित करने में कोई तकनीकी बाधा है ही नहीं। शिवरज सिंह इस सीट से ही प्रदेश की राजनीति में आये थे। लेकिन भाजपा कोई बात भाजपा ही जाने।

भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री और भाजपा की महाराज इकाई के प्रमुख ज्योतिरादित्य सिंधिया की समर्थक पूर्व मंत्री इमरती देवी का टिकिट चौंकाने वाला जरूर है । वे कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद हुए उप चुनाव में हार गयीं थीं,भाजपा की स्थानीय इकाई भी इमरती के खिलाफ थी ,किन्तु सिंधिया अपने नवरत्नों में से एक इमरती के लिए टिकिट पाने में कामयाब रहे । उन्होंने अपने एक और समर्थक मोहन सिंह राठौर को भी भितरवार सीट से टिकिट दिलवाए दिया। हालांकि इस सीट पर भाजपा के ही अनेक खांटी नेताओं की नजर थी । राठौर एक कमजोर प्रत्याशी हैं। सिंधिया की इस कामयाबी के अलावा उन्हें तोमर,पटेल और विजयवर्गीय की तरह विधानसभा के मैदान में न उतारकर भी भाजपा नेतृत्व ने संकेत दे दिया है कि वे केंद्रीय राजनीति के पात्र हैं। उनका मध्यप्रदेश की राजनीति में उतना ही दखल रहेगा जितना की एक केंद्रीय मंत्री का होना चाहिए।

आपको याद होगा कि 2018 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 230 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत से दो कम 114 सीटें मिलीं थीं। वहीं, बीजेपी के खाते में 109 सीटें आई थीं, वहीं बसपा को दो जबकि अन्य को पांच सीटें मिली थीं। तब कांग्रेस ने बसपा, सपा और अन्य का साथ लेकर सरकार बनाई थी और 15 साल बाद राज्य में सत्ता पाई कमलनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक कांग्रेस की सरकार चली। लेकिन 15 महीने पूरे होते-होते कमलनाथ सरकार की सत्ता से विदाई तय हो गई और ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में में कांग्रेस के दो दर्जन विधायक भाजपा के साथ हो गए और फिर बीजेपी ने सत्ता में वापसी की. शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बन गए थे ।

भाजपा की दूसरी सोची के बाद जो तीसरी सूची आएगी उसमें अनेक मौजूदा मंत्रियों के नाम काटने की आशंका जताई जा रही है । इसीलिए शायद उन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं की गयी है। पिछले दिनों भोपाल में भाजपा के महाकुम्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मुद्रा से ये अनुमान लगाया जा रहा है कि वे मुख्यमंत्री शिवराज की कार्यशैली से शायद खुश नहीं है। उन्होंने इतनी बड़ी रैली में न शिवराज सिंह चौहान का नाम लिया और न उन्हें अगली बार के मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया। बहरहाल ये प्रधानमंत्री जी कि अपनी अदा है । उनके मन की बात सिर्फ वे ही जानते हैं। तीसरी सूची में अनेक वर्तमान सांसदों कि जगह उनके परिजनों को चुनाव मैदान में मौका दिया जा सकता है।

इस अब तक आयी दोनों सूचियों की एक खास बात ये है कि अभी तक भाजपा के नेताओं की दूसरी पीढ़ी यानि उनके बाल-बच्चों को विधानसभा के लिए प्रत्याशी नहीं बनाया गया है ,जबकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व संसद प्रभात झा ,पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह ,पूर्व मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे ,सांसद विवेक शेजवलकर ,खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे तमाम नेता अपने-आपने बेटे-बेटियों के लिए विधानसभा चुनाव का टिकिट चाहते हैं और खुद पीछे हटने के लिए तैयार हैं ,किन्तु उनके प्रस्तावों पर पार्टी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। पार्टी ने विपक्ष के नेता डॉ गोविंद सिंह के खिलाफ अबकी एक मजबूत उम्मीदवार उतारा है लेकिन डॉ गोविंद सिंह को पराजित करना भाजपा के लिए आसान नहीं है।

**@ राकेश अचल**

## खुद को यूँ पाला है मैंने

कल्पनाओं के भवँर में डूब कर
एक मोती निकाला है मैंने,
बीते हुए लम्हों को फिर से
पुकारा है मैंने।

बातें कुछ अधकहि सी थी,
कहानी कुछ अनसुनी सी थी
अपने जीवन के सपनों को
हकीकत में ढाला है मैंने।

लोग अक्सर डर जाते हैं
हवा के हल्के झोकों से,
तूफानों से लड़ कर खुद को
यूँ पाला है मैंने।

आसान नही थे रास्ते
जीवन संघर्ष की राहों के।
हर हादसों से लड़ कर खुद को
हर परिस्थिति में ढाला है मैंने।
लोग परेशान होते हैं
मेरी मुस्कान को देख कर,
उन्हें क्या पता,आती हुई मौत को
कैसे टाला है मैंने।

**बिंदु अग्रवाल**
**गलगलिया, किशनगंज**
**बिहार**

# बैठकी "डरा रहें हो ! !डरो मत !डरो मत !"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े--"सरजी,ज्यों हीं इन विपक्षियों पर या इनसे जुड़े घोटालों के तारों पर इडी, सीबीआई या एनआईए का छापा पड़ता है कि हंगामा होने लगता है !मोदी सरकार,विपक्षियों को डरा रही है,डरा रही है! हम डरने वाले नहीं आदि,आदि !जबकि ये संस्थायें तो जहां गड़बड़ी देखेंगी या गड़बड़झाला हुई रहेगी वहीं न दस्तक देगी! !अगर ये लोग बेदाग हैं तो फिर डरना क्या!!"



लिजिये नये संसद भवन में राहुल गांधी को बहस के दौरान सत्ता पक्ष की ओर इशारा करके, कहते सुना--"डरो मत,डरो मत" ! लगता है डरना डराना,एक सामान्य लफ्ज बन गया है !--पारसनेता मुस्कुराये !




और भी कुछ वाक्य वायरल है और वो हैं--संविधान खतरे में है !देश खतरे में है! भारत का लोकतंत्र खतरे में है !अरे भाई,जो खतरे में है वो तो डरेगा हीं डरेगा !डरना भी लाजमी है !अब सवाल उठता है कि कौन खतरे में है !!--कुंवरजी रुके !

ए कुंवरजी,मोदीराज में वो खतरे में हैं जो आजादी के बाद दशकों तक,देश को लूटा है !खतरे में वे जरुर हैं जिसने देश को लूट कर,स्विस बैंक में खरबों,खरब जमाकर रखें हैं ! खतरे में वो हैं जिसने 55-60 बरसों तक गरीबी हटाओ का नारा लगाकर, गरीबों को गरीबी के हीं दोखज में रहने को मजबूर किया था! खतरे में वे जरुर हैं जो जातिवादी और धर्म की राजनीति करके परिवारवाद को प्रश्रय दिये हैं!--डा.पिंटू तैश में लगे!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमलोगों ने एक-एक कप उठाकर पुनः लाइन पर.....

कुंवरजी,मेरे ख्याल से तो खतरे में वो जरुर है जो विभाजन के बाद आरएसएस और हिंदू संगठन का डर दिखाकर मुसलमानों को बेवकुफ बनाया और उन्हें वोटबैंक बने रहने के लिए मजबूर किया!
कुंवरजी,खतरे में आज वो हैं जिन्होने ब्राम्हणवाद,ठाकुरवाद, बनियावाद,और मनुवादी की खायी खोदकर दलित, पिछड़ों और सवर्णों के बीच घृणा का फैलाव किया !मंडल और कमंडल के बीच समाज को बांट दिया!--उमाकाका हाथ चमकाये!

ए सरजी,मेरी सुनिये तो खतरे में न भारत है और न राष्ट्रवाद बल्कि खतरे में वे हैं जिन्होंने जन गण मन, से राष्ट्रवाद को लड़ाया !खतरे में वो हैं जो इमर्जेंसी और तनाशाही का तीखा स्वाद चखाया !जिसने बेगुनाह जनता को जेलों में ठूसा !परिवार नियोजन के नाम पर लाखों हिंदू जवानों का जबरन नसबंदी की !खतरे में वें हैं जिसने बहुसंख्यक हिंदूओं के साथ विश्वासघात करके उसके हीं देश में उसे दोयम दर्जे का नागरिक बनने को मजबूर किया! डरना उन्हें जरुर चाहिए जिसनें तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति करके राष्ट्र को थोखा दिया!-डा.पिंटू मुंह बनाये!

ए भाई लोग,रुउवा सब केकरा प अतना ब्लेम लगावतानी! !तनी खुल के बोलीं! !हमरा त लागता कि एहिजा सभे केहु राष्ट्रवादिये बइठल बा!--मुखियाजी,हथेली पर खैनी रगड़ते हुए!

मुखियाजी, आजादी के 76-77 साल के अनुभव की विवेचना जरूरी है न! !हां तो कह रहा था-आज खतरे में वे लोग हैं जिनकी विचारधारा से उबकर उनके हीं लोग, उनका साथ छोड़ते गये और दर्जनों राजनीतिक दलों ने जन्म ले लिया !खतरे में वैसे लोगों का रहना लाजमी है जिन्होंने प्लेट में रखकर तिब्बत,और लाखों हेक्टेयर जमीन तथा यूएनओ की स्थाई सदस्यता चीन को,पीओके पाकिस्तान को परोसा!--मास्टर साहब खाली कप टेबल पर रखते हुए!

ये सब क्या फालतु बातें वायरल की जा रहीं है!! भारत बिलकुल खतरे में नहीं है! हजारों साल पहले शक आये,हुण आये लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें अपने में आत्मसात कर लिया !फिर यवन,मुगल और अंग्रेजों ने राज किया लेकिन भारत खतरे में नहीं था ! आजादी और बंटवारे के बाद, दोगली राजनीति ने भारत को जरुर खतरे में डाला लेकिन आज, भारत का पताका, पुरे विश्व में लहरा रहा है !भारत हर क्षेत्र में प्रगति के नये नये सोपानों की ओर अग्रसर है! आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन चूके हैं! हमारा प्रधानमंत्री विश्व का सबसे पॉपुलर नेता है!-- मैं चुप हुआ!







कुछ भी कहिये लेकिन इतना तो सत्य है कि डरो मत,डरो मत का शोर जरुर गुंज रहा है !लेकिन डरा कौन रहा है! !शायद उन्हें लगता है कि वो खतरे में हैं !तभी तो वे अपनी मां अर्थात भारत माता की साड़ी,विदेशों में दनादन फहराते दिखते हैं !मां की साड़ी फहराने वाले या तो मां के प्रति प्रेम,श्रद्धा नहीं रखते या मां से सिर्फ स्वार्थ का संबंध रखते हैं !स्वार्थ खत्म अर्थात सत्ता खत्म,तो श्रद्धा खत्म! अब घर वापस आयेंगे तो माता के अन्य पुत्र कुटइया करेंगे !इसीलिए डरें हैं !हमें तो कोई खतरा नहीं दिखता !देश मजबूत नागरिकों और नेतृत्व के हाथों,पूर्णतः सुरक्षित है !आम जनता को तो कोई खतरा नहीं इसलिये जनता तो नहीं डरती यदि कोई देश के बाहर या भीतर चिल्लाये कि खतरा है,खतरा है! तब तो सोचने वाली बात है कि जब आम आदमी, नहीं डरता तो ये लोग क्यों डरते हैं! !जरुर दाल में काला है!!! फिर तो इनका डरना जरुरी है और चाहिए भी!--कुंवरजी अखबार एक ओर रखते हुए!

देखिये कुंवरजी, "जब डर लगे तो गाना गा" या फिर अपना "अकेलापन"खत्म करो !अकेलापन दूर करने के लिए दो-चार-दस-बीस,साथ हो लो! ये एक मानवीय,मनोवैज्ञानिक स्वभाविक क्रिया है !कुछ लोगों का साथ होगा तो उत्तम है लेकिन सर्वोत्तम होगा तब जब, सभी डरे हुए लोग एक साथ आ जायें! मेरा ये कथन प्रमाणित है ! जैसे.....छोड़िये!--कहकर उमाकाका हंस पड़े!

बस,बस अब बुझाइल! रउवा लोग, विपक्षी गठबंधन "आई.एन.डी.आई.ए." प मजा लेतानी !अच्छा खुब भइल,अब चलल जाय!--कहकर मुखियाजी भी हंसते हुए उठ खड़े हुए और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

### 27 सितंबर विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष

# दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है पर्यटन उद्योग

**दैनिक समाज जागरण**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द - गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाते हैं। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है।

हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। था। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए।

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है।


विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन में अपने योगदान में छठे स्थान पर है। विदेशी मुद्रा के मामले में भारत के पर्यटन क्षेत्र ने वर्ष 2020 में 6.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। कोरोना महामारी के बाद इसके और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020 में भारत में पर्यटन क्षेत्र में 39 मिलियन लोगों को रोजगार मिला जो कि देश में कुल रोजगार का 8 प्रतिशत था। 2029 तक यह आंकड़ा लगभग 53 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत में 40 स्थल, विश्व विरासत सूची में शामिल हैं। जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं। इस मामले में भारत विश्व में छठे स्थान पर है।

आज के समय में हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं। पर्यटन के कारण आज कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.7 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

भारतीय हमेशा से अतिथि देवो भवः की भावना को मानते आएं भारत में आया हुआ हर पर्यटक देश के लिए अतिथि समान होता है। इसलिए दुनिया का हर नागरिक एक बार भारत में पर्यटक बनकर जरूर आना चाहता है। भारतीय संस्कृति व पर्यटन स्थल पर्यटकों को एक अलग ही अहसास का अनुभव करवाती है। पर्यटन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। साथ ही पर्यटन से जीवन में उदारता व सहिष्णुता की भावना आती है। साधु-संत जो सामान्य मानव से ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं। उसका मुख्य कारण उनकी घुमक्कड़ी स्वभाव ही है। जिसके चलते वह हर प्रकार का ज्ञान हासिल करते रहते हैं।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने की सिक्ख परिवार के लिए इंसाफ की मांग

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की एक आपातकालीन बैठक सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा की अध्यक्षता में गुरुद्वारा सदर कैंट में हुई। जिसमें महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी, प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत, तेजपाल सिंह रोमी, हरमिंदर सिंह टीटू, सरदार इंदर सिंह, कुलदीप सिंह सलूजा सहित कमेटी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि कानपुर में एक सिक्ख परिवार अमोल सिंह भाटिया के ऊपर जानलेवा हमले की घटना अत्यंत निंदनीय है और लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इसकी कठोर शब्दों में निंदा करती है। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग करते हैं कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके।

महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ बहुत हल्की धाराओं में एफ.आई. आर दर्ज की गई है जबकि उन लोगों ने पूरी तरह से दबंगई और गुंडई से पीड़ित परिवार जो की पूरी तरह से निर्दोष था उसके ऊपर जानलेवा हमला किया उनका गंभीर चोटें आई हैं यहां तक कि उनकी एक आंख की रोशनी भी लगभग चली गई है। ऐसे में उनके ऊपर कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए और उनको तुरंत गिरफ्तार करके जेल में डाला जाना चाहिए ताकि कानून और व्यवस्था बनी रहे, और जनता में न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा बना रहे।

कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ज्ञापन देगी जिसमें दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके और दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो हम सबको मुख्यमंत्री के इंसाफ पर पूरा भरोसा है और विश्वास है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।

बैठक में लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पीड़ित परिवार के साथ अपनी पूरी एकजुटता प्रदर्शित की और यह संकल्प व्यक्त किया कि दोषियों के खिलाफ जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होती तब तक हम इंसाफ के लिए आवाज को उठाते रहेंगे।

# आरा मशीन व्यापारियों की समयाओं का होगा निदान- ब्रजेश पाठक

## उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने आयोजित किया राज्य स्तरीय टिम्बर व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । मंगलवार को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के द्वारा तुलसीभवन सभागार, रामलीला मैदान, ऐशबाग लखनऊ में राज्य स्तरीय टिम्बर व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे 50 से ज्यादा जिलों के टिम्बर व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में उ0प्र0 के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार हर समय व्यापारियों के सुख-दुख में साथ खड़ी है और भविष्य में उनकी अपेक्षित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए वन मंत्री डा० अरुण कुमार सक्सेना ने व्यापारियों को अवगत कराया किया उनकी अधिकांश मांगों को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर उसके समाधान के लिये कदम उठाये जा चुके है और जो विसंगतियां शेष रह गयी है उन्हें भी शीघ्र समाधान करके व्यापारियों का सम्मान रखने का कार्य किया जायेगा। वन मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़वा देने के लिए तमाम एमओयू साइन करवाए है जल्दी ही नीति बना कर वन विभाग का पोर्टल खोला जाएगा ताकि लंबित प्रकरणों के साथ साथ नए लाइसेंस दिए जा सके।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में मेधावी बालिकाओं का सम्मान समारोह हुआ संपन्न।

**बालिकाओं को शिक्षा से जोड़े रखने के उद्देश्य से वर्ष 2023 में आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मेधावी बालिकाओं को साइकिल की गई वितरित।**

**मा0 जनप्रतिनिधियों के द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023 की मेधावी छात्राओं को ₹5000 की प्रोत्साहन धनराशि एवं सम्मान पत्र किये गयें वितरित।**

**राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में माननीय जनप्रतिनिधियों ने 11 बच्चों का कराया अन्नप्राशन।**





उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर में मेधावी बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जेवर, दादरी एवं दनकौर की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़े रखने के उद्देश्य से वर्ष 2023 की कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मेधावी बालिकाओं को माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा साइकिल वितरित की गई। साथ ही बालिका शिक्षा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023 की मेधावी छात्राओं को 5000 की प्रोत्साहन धनराशि का चेक एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर में माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र सूरजपुर व मलकपुर के 11 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत आज सामुदायिक आधारित गतिविधियों के अंतर्गत जनपद में 1100 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। पोषण शपथ पर सभी मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर भी किए गए एवं दैनिक जीवन में श्री अन्न की उपभोक्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में श्री अन्न से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका सभी मा0 जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन भी किया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धक सभा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक डी.ए.वी. पी.जी.कालेज में हुई संपन्न

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ ।अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंन्धक सभा उत्तर प्रदेश की बैठक हुई संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द कुमार (मुजफ्फर नगर) द्वारा अवगत कराया गया कि संघ की विभिन्न मांगों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए संघ द्वारा प्रस्तावित13 अक्टूबर 2023 को उ0प्र0 सचिवालय के समक्ष महारैली एवं धरना प्रस्तावित है। यदि सरकार अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के संघ से इस विषय में विचार विमर्श दिनांक 13 अक्टूबर 2023 के महारैली एवं धरने के पूर्व कर ले तो सम्भव है कि उक्त सरकार के विरूद्ध किया जाने वाला यह कार्यक्रम स्थगित किया जा सकता है।

इस प्रेस वार्ता में अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धक समा उत्तर प्रदेश के महासचिव दिनेश चन्द्र सिंह (बलिया), मंत्री मनोज सिंह, मण्डल अध्यक्ष अयोध्या, अरुण सिंह मण्डल अध्यक्ष वाराणसी, गजेन्द्र सिंह मण्डलीय प्रभारी, अयोध्या, सूर्य नारायण तिवारी तथा डी०ए०वी० पी०जी० कालेज के प्रबन्धक मनमोहन तिवारी के अलावा उ. प्र. से आये हुए तथा राय भानु प्रताप सिंह, प्रबंधक प्रतिनिधि सुखपाल इण्टर कालेज, धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रबन्धक सिंहराय इण्टर कॉलेज, हलियापुर व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**बोड़ाकी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फाटक संख्या 145/सी, दिनांक 26 सितंबर से 28 सितंबर 2023 तक मरम्मत कार्य के कारण रहेगा बंद।**

उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि बोड़ाकी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फाटक संख्या 145/सी पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप दिनांक 26 सितंबर प्रातः 08:00 से 28 सितंबर 2023 शाम 08:00 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक सड़क यातायात बंद होने की अवधि के दौरान अन्य मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं,

## भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जन जन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से माननीय अध्यक्ष/सांसद डॉ महेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति "दिशा" की बैठक संपन्न।

# सभी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता परक रूप से किया जाए संचालित, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का पहुंचाया जाए भरपूर लाभः मा0 सांसद

**गौतमबुद्धनगर 26 सितम्बर, 2023**



भारत सरकार के माध्यम से संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक माननीय अध्यक्ष/सांसद (लोकसभा) गौतमबुद्धनगर डा0 महेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर माननीय सांसद ने भारत सरकार के माध्यम से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और वृद्धि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास परियोजना, मध्यान भोजन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, दूरसंचार सेवाएं, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, समेकित विद्युत विकास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का कार्यान्वन, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सरकार के माध्यम से विकास से संबंधित एवं जन सामान्य को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी विभागीय अधिकारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी गण अपनी विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं एवं व्यक्तिगत लाभप्रद योजनाओं को पारदर्शिता के साथ संचालित करें। सभी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थी आगे आकर सरकार की समस्त योजनाओं का भरपूर लाभ अर्जन करते हुए अपने परिवार का आर्थिक विकास को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के माध्यम से जो विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, उनकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराते हुए उनका सहयोग प्राप्त किया जाए ताकि सभी योजनाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

मा0 सांसद ने कहा कि भारत सरकार की योजनाओं के तहत जनपद में जो निर्माण योजनाएं संचालित की जा रही हैं सभी में कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा पारदर्शिता अपनाकर निर्धारित समय अवधि के भीतर संबंधित प्रोजेक्ट को पूरा करने की दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं ताकि इन कार्यक्रमों का शीघ्रता के साथ जन सामान्य को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी अधिकारीयों का यह भी आह्वान किया कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जो समस्याएं एवं शिकायतें प्राप्त हुई है संबन्धित अधिकारीगण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करते हुये जनपद के विकास को आगे बढाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

माननीय सांसद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्युत विभाग का आह्वान कि उनके द्वारा जनपद में एक वृहद अभियान चलाकर सभी 11000 की विद्युत लाइन का सर्वे कर लिया जाए और जो भी 11000 की विद्युत लाइन जर्जर हालत में है, उनको तत्काल बदलवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों का यह भी आह्वान कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उद्योग की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है। इसलिए विद्युत विभाग जनपद की विद्युत आपूर्ति पर विशेष फोकस रखें एवं अनवरत रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करायें। इसी प्रकार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आह्वान किया कि उनके द्वारा समय-समय पर प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता की जांच की जाए, ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मानकों के अनुरूप मिड डे मील प्राप्त होता रहे। माननीय सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का आह्वान किया कि जिला अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ एवं औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य को लेकर जो योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका अस्पताल में आने वाले मरीजों को शत प्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी का आह्वान किया कि उनके द्वारा पेंशन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और जो भी पेंशन योजनाएं संचालित हैं, उनका जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का संचालन डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया तथा विभागीय अधिकारीयों ने अपनी अपनी विभागीय योजनाओं के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली व अन्य जनप्रतिनिधि गण, मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग किया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# खाद्यान्न से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर किया जारी।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अन्तर्गत 7897 अंत्योदय एवं 194005 पात्र गृहस्थी राशनकार्ड प्रचलित है, जिनकों को प्रतिमाह राशन वितरण निर्धारित तिथियों में कराये जाने के लिए नगरीय क्षेत्र में 124 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 243 उचित दर की दुकानें संचालित है। वर्तमान नीति के अनुसार सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के लिए नामित परिवहन ठेकेदार का दायित्व है कि यह सम्बन्धित उचित दर विक्रेता को निशुल्क एवं पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न पहुचायेगें तथा सम्बन्धित उचित दर विक्रेता निःशुल्क एवं पूर्ण मात्रा में सम्बन्धित परिवहन ठेकेदार से मानकानुसार खाद्यान्न प्राप्त करते हुए, निर्धारित तिथियों में पूर्ण मात्रा में गुणवत्तयुक्त खाद्यान्न लाभार्थियों में निःशुल्क वितरित करेगें। उन्होंने बताया कि यदि उपरोक्त व्यवस्थान्तर्गत किसी भी उचित दर विक्रेता से परिवहन ठेकेदार अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धनराशि की मांग की जाती है तथा किसी भी उचित दर विक्रेता द्वारा राशनकार्ड धारक को ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के तुरंत बाद खाद्यान्न नहीं दिया जाता अथवा कम खाद्यान्न दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित तत्काल अपनी शिकायत सम्बन्धित तहसील में उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक के साथ-साथ अधोहस्ताक्षरी तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, गौतमबुद्धनगर (परिवहन ठेकेदार के लिए) कार्यालय अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 पर भी दर्ज करा सकतें है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# शक्ति दीदी आएंगी, योजनाओं का लाभ दिलाएंगी

## सप्ताह में एक दिन गांव में होगी महिलाओं की खास बैठक

लखनऊ, 26 सितंबरः महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए देश भर में सराहे गए 'मिशन शक्ति' अभियान का नया चरण आगामी शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होगा। अभियान के इस चरण में महिलाओं की सुरक्षा व आपात परिस्थितियों में मदद के प्रबंध की जानकारी तो मिलेगी ही, केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर भी होगा। अभियान के इस चरण के केंद्र में शक्ति दीदी के रूप में महिला बीट अधिकारी होंगी। जिनके साथ स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के स्थानीय कार्मिक उपस्थित होंगे ताकि मौके पर ही योजनाओं से वंचित पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार हर सप्ताह एक नियत दिन शक्ति दीदी (महिला बीट अधिकारी) के साथ आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री आदि गांव में महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। महिला बीट अधिकारी द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी देंगी तो आपात परिस्थितियों में उपयोगी 112, 108, 1090, 181 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी जागरूक करेंगीं। वही अन्य विभागीय कार्मिक विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र, किंतु अब तक वंचित महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।

# तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़ना होगाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

### सीएम ने कहा- प्रदेश के साइबर थानों के साथ एमओयू करें तकनीकी संस्थान

**बोले सीएम- इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा**

26 सितंबर, गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इनसे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।

सीएम योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालयवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है।

सीएम योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे। इसी का परिणाम है कि आज यूपी देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर है।

सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल पेमेंट ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लाकर प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक नई क्रांति लाई है। देश में सबसे बड़ी युवा आबादी उत्तर प्रदेश के पास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन डिजिटल इंडिया का लाभ सबसे ज्यादा यहां के युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम मुद्रा, एक जिला एक उत्पाद और मुख्यमंत्री स्वरोजगार जैसी योजनाओं ने प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में तकनीक के माध्यम से शासन के योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं।

# 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

### मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स के प्रतिनिधियों ने सीएम योगी को बेहतरीन आयोजन के लिए दिया धन्यवाद

### सीईओ कामेली एजपेलेटा ने कहा - मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब हैं राइडर्स

**समाज जागरण**

लखनऊ। 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉमेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया।

**सीएम को भेंट किया हेलमेट**

डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कामेलो ने सीएम योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कामेलो ने यह भी कहा कि मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी भारत के आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा की। कामेलो ने सीएम योगी को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के रूप में एक हेलमेट भेंट किया, जिस पर सभी 22 राइडर्स द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, जिस पर बाद में कामेलो और सीएम योगी दोनों ने हस्ताक्षरित किया।

# आयुष्मान योजना : यूपी को मिले दो अवार्ड



- ग्रीन चैनल अपनाने व पूछताछ केंद्र स्थापित करने पर मिला सम्मान
- आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन तैयार करने पर मिला अवार्ड
- सोमवार से दिल्ली में शुरू हुए आरोग्य मंथन-2023 में मिले दोनों अवार्ड
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान किए गए कार्यों के बदले मिला सम्मान

नई दिल्ली/ लखनऊ, 26 सितंबर : प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने के लिए यूपी को दो अवार्ड मिले हैं। पहला है आयुष्मान पूछताछ केंद्र की स्थापना करना और ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था शुरू करना। दूसरा है आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन तैयार करना। इन दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान कियास्क डिपल्वायमेंट एंड ग्रीन चैनल इम्प्लीमेंटेशन और हाईएस्ट नंबर ऑफ आभा स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेटेड अवार्ड मिला है। आभा स्कैन यानि आभा एप्लीकेशन के जरिए मरीज आसानी से क्यूआर कोड स्कैन करते हैं और उन्हें तत्काल टोकन नंबर मिल जाता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दिया अवार्ड

यह अवार्ड नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 25 सितंबर से दो दिवसीय आरोग्य मंथन के दौरान दिया गया है। यह अवार्ड मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ओर से केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया। सम्मान लेने के लिए उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और साचीस की सीईओ संगीता सिंह और अन्य मौजूद रहे। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्परहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीस) यूपी में पीएमजेएवाई की नोडल एजेंसी है। राजधानी दिल्ली में यह आयोजन पीएमजेएवाई के पांच वर्ष पूरे होने पर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग से यह संभव हो पाया

निदेशक एनएचए, लता गणपति और एनएचए के संयुक्त सीईओ डॉ बसंत गर्ग ने कहा कि यह सम्मान इसलिए बहुत बड़ा है क्योंकि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस तरह की उपलब्धि मिलना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल यह संदेश देती है कि आयुष्मान की ताकत और बढ़ी है। हर दिन जन-जन तक यह योजना लोकप्रिय हो रही है। इस अवार्ड से उत्साहित चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश की स्वास्थ्य टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मानिटरिंग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की ओर से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रदेशभर की आशा को स्मार्ट फोन दिये गये हैं। आभा एप के जरिए मरीजों के ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत के सभी चार स्तंभों के तहत उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है झ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना, प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को घर के पास ओपीडी और जांच सेवाएं उपलब्ध कराना, पीएम आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल तकनीक का उपयोग करके स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाना।

**1242 अस्पतालों को ग्रीन चैनल में शामिल करने के लिए चुना**

साचीस की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि हम सूचीबद्ध अस्पतालों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। 60 अस्पतालों से शुरू हुए इस ग्रीन चैनल के पायलट प्रोजेक्ट के काफी सकारात्मक परिणाम आए हैं। इसके चलते हाल ही में हमने 1242 अस्पतालों को ग्रीन चैनल में शामिल करने के लिए चुना है। साथ ही 75 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पूछताछ केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस प्रयास से अधिकाधिक मरीजों को पीएमजेएवाई का लाभ मिलने में मदद मिल रही है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढ़ी द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ ब्लाक क्षेत्र में फैल रहे बुखार की जांच के लिए कैंप लगाए जा रहे है। जिसके चलते पीएचसी चिकित्साधिकारी डॉक्टर खालिद अख्तर के नेतृत्व में नगर के मौहल्ला जैनुलाबुद्दीन में चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर खालिद अख्तर द्वारा अपनी टीम के साथ



बुखार से पीड़ित 16 मरीजों की जांच की जांच उपरांत नेगेटिव रिपोर्ट आई तथा 78 मरीजों की जांच कर दवाई दी गई वही क्षेत्र के गांव अगवानपुर स्थित लाम्बा एकेडमी स्कूल कैम्पस में एक शिविर में 76 मरीजों की जांच और 8 बच्चों की बुखार की जांच आईटी मशीन द्वारा की गई सभी बच्चों की रिपोर्ट नेगेटिव आई क्षेत्र में बुखार के बढ़ते मामले को लेकर को देखते हुए जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्स टीम द्वारा गांव जाकर लोगों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा नगर पालिका द्वारा डेंगू बुखार के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर पालिका द्वारा अब शहरों के वार्ड में फॉगिंग और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव शुरू कर दिया गया। नगर पालिका ईओ कृष्ण मुरारी का कहना है तकरीबन सभी मौहल्लों मे कीटनाशक (एंटी लारवा) छिड़काव के आ गया उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने का भी काम किया गया है, जिससे कि बुखार डेंगू का प्रकोप से बचा जा सके।

## भाजपा का हर बुथ और करना है मजबूत,, हरजिंदर कौर

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बुथ सत्यापन कार्यक्रम के दौरान नजीबाबाद विधानसभा के भागुवाला मंडल कोटद्वार रोड स्थित ग्राम बढ़िया मे मंडल के सभी सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी बुथो का सत्यापन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व बुथ सत्यापन अधिकारी भाजपा पश्चिमी क्षेत्रीय मंत्री एडवोकेट हरजिंदर कौर ने 2024 लोक-सभा को लेकर मुस्तैद रहने को कहा और कहां अभी से कमर कस लीजिए इस बार 2024 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव रहेगा हमें दिखाना है कि हम पार्टी के लिए कितने समर्पित हैं और बूथ स्तर पर हर एक वोटर को मजबूत बनाना है जब हम मजबूत होंगे तभी हमारा देश मजबूत होगा हमें देश हित में कार्य करना है और 2024 में पुनः माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री प्रचंड विजय हासिल करानी है बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष



राजकुमार प्रजापति ने की संचालन आशु अग्रवाल ने किया बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सैनी भाजपा जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा गायत्री निराला विजेता देवी रणवीर सिंह निराला मिथुन भारती लोकेंद्र सिंह सागर बडोला ओम शर्मा महावीर सिंह बालकिशन राजपाल सिंह रोबिन कुमार नितिन कुमार अर्जुन कुमार कमला देवी प्रवेश कुमार सुनील कुमार पाल आकाश शर्मा मनजीत सिंह महावीर ओमपाल कार्यकर्ता मौजूद रहे

## अंगूठा लगाने के बाद तत्काल राशन नहीं दिया जाए या कम दिया जाए तो करें एसडीएम से शिकायत

**दैनिक समाज जागरण**


संभल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को किये जा रहे खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ बनाने के लिए समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिया गया। जिसके अंतर्गत बताया गया कि सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत खाद्यान्न परिवहन हेतु नामित परिवहन ठेकेदार से हर हाल में पूरी मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त करें। यदि किसी उचित दर विक्रेता से परिवहन के मद में ठेकेदार अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धनराशि की मांग की जाती है तो उचित दर विक्रेता जिला खाद्य विपणन अधिकारी / जिला पूर्ति अधिकारी / क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक को सूचित करें। समस्त उचित दर विक्रेता जनपद सम्भल को यह भी निर्देशित किया जाता है कि दुकान से सम्बद्ध अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारको को ई-पॉस मशीन से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पूर्ण मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि ई-पॉस मशीन पर आधार प्रमाणीकरण के पश्चात तत्काल कार्डधारक को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये।

जनपद के ऐसे अन्त्योदय कार्डधारक जिन्होंने अभी तक चीनी प्राप्त नहीं की गयी है वह अपनी मूल उचित दर दुकान से दिनांक 26.092023 तक प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी मूल्य रू0 18 प्रति किग्रा० की दर से प्राप्त कर सकते हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि जो कार्डधारक अब तक खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर पाए है वह दिनांक 26.09.2023 तक किसी भी उचित दर दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। समस्त कार्डधारकों को यह भी सूचित किया जाता है यदि किसी उचित दर विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्काल खाद्यान्न नहीं दिया जाता है अथवा निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में खाद्यान्न दिया जाता है तो ऐसे राशन कार्डधारक अपनी शिकायत उप जिलाधिकारी / क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक अथवा विभागीय टोल फ्री नम्बर 18001800150 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।

## नारी शक्ति शिक्षित होकर ही सशक्त हो सकती है - कल्पना जायसवाल

## डीआरए राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला 527 युवाओं को मौका

बिसौली आई एम खान। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा डीआरए राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में 12 निजी कंपनियों ने शिरकत की। इस दौरान नगर व क्षेत्र के 527 युवाओं की विभिन्न कंपनियों में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई। रोजगार मेले का उद्घाटन एसडीएम कल्पना जायसवाल ने फीता काटकर किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी



श्रीमती जायसवाल ने कहा कि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए शिक्षा में निरंतरता बेहद जरूरी है। उन्होंने लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर खासा जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में नारी शक्ति शिक्षित होकर ही सशक्त हो सकती है। सेवायोजन कार्यालय से पधारे परवेज अली खां ने युवाओं की कैरियर काउंसलिंग के अलावा उन्हें कैरियर टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि सेवायोजन कार्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भविष्य में भी रोजगार मेले आयोजित कराए जाएंगे। प्राचार्य डा. पीके वार्ष्णेय व कार्यक्रम व्यवस्थापक एमएम वार्ष्णेय ने भी युवाओं को कैरियर के सम्बंधित जानकारियां दीं। इस अवसर पर डा. सपना भारती, पीपी सिंह, उदयपाल, ईश्वरचंद्र, संजय कुमार, अरुण चौहान, सनी कुमार आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

## अबरार अहमद ने महा सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मियों को खास दिशा निर्देश दिए

### त्यौहार पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं - चेयरमैन

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। नगर विकास विभाग द्वारा प्रायोजित 154 घण्टे महासफाई अभियान के तहत चेयरमैन अबरार अहमद ने सफाईकर्मियों व स्टाफ के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। श्री अहमद ने कहा कि अभियान के दौरान गणेश उत्सव व बारावफात को लेकर सभी सफाई इंचार्ज, सफाई नायक व सफाईकर्मी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से करें। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव व 28 सितंबर को बारावफात त्यौहार पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की



जाएगी। चेयरमैन श्री अहमद ने विभागीय अभियान को पूर्ण सफल बनाने के लिए सफाईकर्मियों को खास दिशा निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ लिपिक मशकूर खान, राजीव कुमार, विकास बाबू, जितेन्द्र, राजेश बाबू, अजय बाबू, धर्मपाल, उमेश आदि मौजूद रहे।

# मोटो जीपी में आए एक लाख से ज्यादा विजिटर्स, 9.3 अरब का हुआ कारोबार

- **सीएम योगी के मार्गदर्शन में सुपरहिट साबित हुआ पहली बार आयोजित मोटो जीपी भारत इवेंट**
- **तीन दिन में रिकॉर्ड संख्या में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे विजिटर्स, 10 से 15 हजार विदेशी विजिटर्स रहे शामिल**
- **मोटो जीपी की फाइनल रेस देखने के लिए सर्किट पर उमड़े 50 हजार से अधिक विजिटर्स**
- **ग्लोबल इवेंट के दौरान व्यापक पैमाने पर हुई आर्थिक गतिविधियां, 106 मिलियन यूरो के बिजनेस ने बनाया इवेंट को भव्य**
- **मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 इवेंट में दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने रफ्तार से भारतीय फैंस को किया रोमांचित**

लखनऊ, 26 सितंबर। उत्तर प्रदेश की ख्याति आज सारी दुनिया में फैल रही है। यह एक ऐसा राज्य बनकर उभर रहा है, जो जिस भी इवेंट को आयोजित करे तो वो सुपरहिट हो जाता है। मोटो जीपी भारत इसका ताजा उदाहरण है। सीएम योगी के निर्देश पर इस इवेंट को लेकर की गई तैयारियों, मेहमानों की आवभगत, सुरक्षा व्यवस्था और बेहतरीन कनेक्टिविटी के चलते इस इवेंट के लिए देश और दुनिया के एक लाख से अधिक लोग ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। यही नहीं, पहली बार भारत में होस्ट किए गए इस इवेंट के दौरान रिकॉर्ड तोड़ कारोबार भी हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मात्र 3 दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं, जो इस इवेंट की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि 22 से 24 सितंबर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया।

रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे विजिटर्स

भारत में क्रिकेट का जबर्दस्त क्रेज है। क्रिकेट मैचों में हजारों की भीड़ मैदान में बने स्टैंड्स में बैठकर लुत्फ उठाती है। लेकिन क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों का भी यहां पूरा सम्मान है। मोटो जीपी भारत में उमड़ी भीड़ ने इस बात को साबित किया है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 हजार से 15 हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे। इतनी बड़ी संख्या में विजिटर्स के आने का अनुमान किसी को नहीं था, लेकिन जिस तरह योगी सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे विजिटर्स के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट तक पहुंचने के लिए जो तैयारियां कीं, उसका नतीजा रहा कि रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने पहली बार भारत में हुई इस रेस का लुत्फ उठाया।

फाइनल रेस देखने पहुंचे 50 हजार से अधिक विजिटर्स

22 से 24 सितंबर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक विजिटर्स मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार विजिटर्स ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और सीएम योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाईंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितंबर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे।

**अरबों रुपए की आर्थिक गतिविधियां हुईं संचालित**

भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ रुपए का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं, क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।

**सोशल मीडिया ने भी मोटो जीपी के आयोजन के लिए योगी और यूपी को सराहा**

उत्तर प्रदेश ने जिस शानदार अंदाज में मोटो जीपी जैसे इंटरनेशनल इवेंट को आयोजित किया, उसके लिए सोशल मीडिया ने भी सीएम योगी के प्रयासों की जमकर तारीफ की। तारीफ करने वालों में यूपी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों के यूजर्स शामिल रहे, जबकि विदेशियों ने भी ट्रैक और हॉस्पिटैलिटी को सराहा। डॉ. प्रीति प्रकाश नाम की एक यूजर ने एक्स पर लिखा, मोटो जीपी भारत 2023 में बाइक्स की रफ्तार, उत्तर प्रदेश के विकास की तीव्र रफ्तार को प्रदर्शित करती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में प्रत्येक निवेशक को सुरक्षा की गारंटी दी जाती है। हार्दिक भवसार नाम के यूजर ने लिखा, नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मोटो जीपी में विश्व भर के चैंपियंस की बाइक की रफ्तार देखते ही बन रही है। सब एक-दूसरे से आगे निकलने की जंग में फरार्टा भरते दिखाई दे रहे हैं। यूपी की ब्राडिंग का यह बेहतरीन मौका है। इसी तरह एक अन्य यूजर ने कहा, पहले ह्लसैफईह्व में जनता के करोड़ों रुपए खर्च करके नाच-गाना होता था। अब यूपी में ऐसे 'आयोजन' होते हैं, जो हमारी यूपी को पूरे विश्व में पहचान दिलाते हैं। वाकई योगी जी नेह्लनया यूपीह्व बनाया है, जिसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल हो रही है। विकास सिंह ने लिखा, मोटो जीपी 2023 रेसिंग इवेंट में निवेश, पर्यटन, उद्योग सहित व्यापारिक दृष्टिकोण से छिपी संभावनाओं को देखकर देश-विदेश से आए लोगों ने यूपी सरकार के कामकाज खूब तारीफ की। विदेशी फैंस ने भी खूब तारीफ की। एमिली ई ने लिखा, बुद्ध सर्किट शानदार है। यहां की हॉस्पिटैलिटी बेहतरीन है। उम्मीद है कि अगले साल यहां और भी शानदार इवेंट होगा।

## बुखार से कुछ दिनों में अचानक मौतें से दहला क्षेत्र: हाई स्कूल के छात्र की बीमारी के चलते मौत हो गई

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। क्षेत्र के गांव व शहर में जानलेवा बुखार बेकाबू हो रहा है। रविवार की रात कक्षा 5 के छात्र और हाईस्कूल छात्र बुखार के चलते मौत हो गई। बुखार को लेकर नगर और ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। एक मामला ग्राम मानियावाला निवासी शफीक अहमद सैफी का 18 वर्षीय पुत्र फरदीन अहमद लगभग एक वर्ष पूर्व टाइफाइड बुखार से पीड़ित हुआ था जिसको परिजन गांव में ही इलाज करते रहे परंतु लगातार बुखार के चलते मुरादाबाद स्थित एक न्यूरो स्पाइन स्पेशलिस्ट डॉक्टर सैयद अजमत अली को दिखाया जहां उसने दिमागी ट्यूमर में पानी होना बताया जिसका उक्त डाक्टर ने बीते फरवरी 2023 को ऑपरेशन कर दिया था ऑपरेशन के कारण फरदीन अहमद हाई स्कूल की परीक्षा में ना बैठ सकता था



बीमारी के चलते उसने जिंदगी से हार नहीं मानी और उसने अपना ऐडमिशन पुनः एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुरगढ़ी में करा लिया गत सप्ताह अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण परिजन बीमार युवक को पुनः उक्त न्यूरो सर्जन के पास ले गए जिसने उसे युवक की गंभीर अवस्था देखते हुए उसे ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट दिल्ली भेज दिया डॉक्टर ने रेफर पेपर नहीं दिया जिसके चलते उसे एम्स से वापस लौटा दिया गया फिर डॉक्टर ने उसको दोबारा ऑपरेशन करने की बात कही जिसपर परिजन तुरंत ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए डॉक्टर ने उनसे साठ हजार रुपए ऑपरेशन का मांगे परिजनों के पास उस समय पर्याप्त धन न होने के कारण डॉक्टर से उन्होंने तीस हजार रुपए जमा कर बकाया घर से लाने की बात कही परंतु निर्दयी डॉक्टर नहीं माना और उसने उन्हें अस्पताल से निकाल दिया रविवार को वह बीमार युवक को परिजन घर ले आए सोमवार को ऑपरेशन के लिए ले जाना था परंतु सोमवार की प्रातः ही फरदीन जिंदगी की जंग हार गया और उसकी अचानक मौत हो गई जिसे परिजनों सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। सोमवार की शाम गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया।

## नगर में अलग-अलग स्थानों पर किशोर व विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटके शव मिलने से सनसनी

### किशोर का शव पुलिस चौकी से चन्द कदम की दूरी पर मिला

बिसौली आई एम खान। नगर में अलग अलग स्थानों पर एक किशोर व एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटके शव मिलने से सनसनी फैल गई। किशोर का शव मंगलवार सुबह जूनियर हाईस्कूल प्रांगण में पाकड़ के पेड़ से लटका मिला तो अपराह्न में मोहल्ला गुलाबबाग में विवाहिता का शव कमरे में झूलता मिला। पुलिस ने किशोर के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया जबकि खबर लिखे जाने तक पुलिस विवाहिता की मौत की तफ्तीश करने में जुटी थी। मंगलवार तड़के किसी ने पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी स्थित संविलयन जूनियर हाईस्कूल परिसर में पाकड के पेड पर फांसी के फंदे पर एक किशोर का शव लटकते देखा तो हडकंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद तत्काल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पेड़ से लटके शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक किशोर की पहचान नगर के मोहल्ला कुम्हारान गली निवासी सुनील पाठक के पुत्र पलाश के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक मृतक किशोर बीते सोमवार रात्रि दस बजे घर से अचानक से लापता हो गया और देर-रात तक वापस नहीं लौटा इस बीच परिजन उसे तलाशते रहे। मंगलवार सुबह उसके शव लटके होने की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। मृतक किशोर इकलौता बेटा हैऔर हाईस्कूल का छात्र बताया जाता है।

**पुलिस ने मृतक के गले में पड़ी रस्सी व चप्पलों और मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है।**

कोतवाल संजीव शुक्ला का कहना है कि प्रथम दृष्टता मामला आत्म-हत्या का प्रतीत हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पूरे मामले की जांच पड़ताल जारी है। वहीं अपराह्न हुई दूसरी घटना मोहल्ला गुलाबबाग में हुई। मोहल्ला निवासी हिमांशु गुप्ता की पत्नी प्रीति का शव कमरे में पंखे से लटकता मिला। परिजनों में चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर जमा हो गए। तभी किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। आनन फानन में कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही थी। एक ही दिन में दो घटनाएं होने से नगर में सनसनी फैल गई है।

# पैसे मांगने पर कानपुर में पत्नी मार आंगन में दफनाया, गिरफ्तार

*– पुलिस से बोला हत्यारा पति– रोज पैसे मांगती थी और बोलती भी बहुत थी*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां हमेसा पैसे मांगने से नाराज युवक ने पत्नी की हत्या करके उसकी लाश को घर के आंगन में ही दफना दिया। पुलिस ने आरोपी पति को फरार होने के पहले गिरफ्तार भी कर लिया। आरोपी का कहना है कि पत्नी अक्सर पैसे मांगने के साथ ही बोलती भी बहुत थी। इसीलिए मार डाला।यह घटना ककवन थाना इलाके के उट्ठा गांव में हुई,जिसके बाद पुलिस ने पत्नी की हत्या कर शव घर के आंगन में दफनाने के आरोपी पति को कल्याणपुर से गिरफ्तार भी कर लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उसने पत्नी के बहुत जुबान चलाने और घरेलू कलह से ऊबकर गला दबाकर हत्या करने के बाद शव आंगन में दफनाने की बात कबूली है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि उट्ठा गांव में नशेबाज पति ने पत्नी अंजली (26) की हत्या कर शव आंगन में दफना दिया था। बाद में घर में ताला लगाकर भाग गया था। घर से दुर्गंध उठने पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आंगन में गड्ढे में दबा शव बरामद किया। जिसके बाद कल्याणपुर से अंजली के हत्यारोपी पति घनश्याम शुक्ला को गिरफ्तार किया गया। इस बीच पूछताछ में आरोपी घनश्याम ने बताया कि रोजाना पैसा मांगने और बात-बात पर ताना देने व जुबान ज्यादा चलाने पर उसने नशे की हालत में गला दबाकर अंजली की हत्या कर दी और फावड़ा व खुरपी से आंगन में गड्ढा खोदकर दफना दिया। शव जल्द से जल्द नष्ट हो सके, इसके लिए पास की दुकान से नमक भी लाकर डाल दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी को जेल भेजने के बाद घटना की छानबीन में जुटी है।

# आमजन सी-विजिल एप से स्वयं कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

रायसेन। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान सी-विजिल एप पर प्राप्त होने वाली आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, डीआईओ एनआईसी दीपेंद्र कटियार तथा ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र नायक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वीसी के माध्यम से अनुभागों से रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, एजीएम तथा टीमों के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में डीआईओ एनआईसी दीपेंद्र कटियार तथा ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक धर्मेन्द्र नायक द्वारा सी-विजिल एप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनीटरिंग और निराकरण के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान जागरूक नागरिकों के लिए आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के लिए सी-विजिल मोबाइल एंड्रायड एप का निर्माण किया गया है। इस एप के माध्यम से सिर्फ आदर्श आचरण संहिता से संबंधित शिकायत ही दर्ज की जा सकती है। शिकायतकर्ता द्वारा वीडियो, फोटो, ऑडियो के माध्यम से ही शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नागरिकों द्वारा आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की सीधी रिपोर्ट सी-विजिल एप से मोबाइल के माध्यम से भेजी जाती है। जिसके आधार पर कार्यवाही हेतु बनाई गई उड़नदस्ता टीमों द्वारा उसका समय सीमा में रिपोर्टिंग किया जाकर संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी द्वारा साक्ष्य आधारित समय सीमा में शिकायत पर निर्णय लेने में यह एकीकृत आईटी एप्लीकेशन का उपयोग किया जाता है। इसमें शिकायत रजिस्टर्ड होने पर एक शिकायत की यूनिक आईडी नागरिक या शिकायतकर्ता के लिए जनरेट होती है जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की स्थिति का भी पता कर सकेगा।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर,एक युवक की मौके पर मौत,दूसरा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 सितंबर ) रूपझर थाना अंतर्गत छपरवाही के बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई,दूसरे को गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। रूपझर थाने में पदस्थ एएसआई मन्नूलाल पंद्रे ने बताया कि दुगलटोला निवासी निलेश पिता संतलाल टेकाम 30 वर्ष और जितेन्द्र पिता नंदन पंचवार 25वर्ष बाइक पर सवार होकर मोहगांव से दुगलटोला जा रहे थे। इस दौरान रूपझर और छपरवाही के बीच में बैहर से बालाघाट की ओर आ रहे पिकअप




वाहन चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में निलेश की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं जितेन्द्र को गंभीर चोट आने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई कर शासकीय अस्पताल भेजा है। वहीं घायल को 108 वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं पिकअप वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हड़ताली पटवारियों की आवाज कब जाएगी शासन के कानों तक,शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए कर रहें हैं कई उपाय

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 सितंबर )विगत एक महीने से पटवारियों की अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल जारी है। पटवारियों से संबंधित विभागों के काम पर हड़ताल का सीधा असर पड़ रहा है। योजना,धारणाधिकार,नामांतरण,गिरदावरी,निर्वाचन कार्य,पीएम-सीएम किसान सम्मान निधि,सीमांकन,बंटवारा,प्रकरणों पर नकल,सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट केस में पटवारी रिपोर्ट सहित 56 विभागों का कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवारियों की क्रमिक भूख हड़ताल के साथ महिला पटवारियों ने हड़ताल स्थल पर बालाघाट के नक्शे की रंगोली बनाकर अपनी 28 सौ ग्रेड-पे,




वेतनमान, समयमान, भत्ते और पदोन्नति की मांगो को रंगोली में उकेरा। महिला पटवारियों ने बताया कि पटवारी योग्यतानुसार ग्रेड-पे की मांग कर रहे है जो दशकों से जस की तस है। जब सरकार कोटवार,आरआई और एसडीएम के ग्रेड-पे को बढ़ा सकती है तो शासन के विभिन्न विभागों में काम करने वाले पटवारियों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है।सोमवार को हड़ताली पटवारियों ने शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगोली से नक्शा बनाया।

# न्यायालय में प्रकरण लंबित होने व आवेदिका और अनावेदक दोनों पर एफआईआर दर्ज होने पर प्रकरण नस्तीबद्ध

***पति–पत्नी के बीच तीन साल से बातचीत न होने पर तलाक लेना बेहतर : डॉ. किरणमयी नायक***

***सुनवाई में 31 प्रकरण में 18 प्रकरण नस्तीबद्ध***

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने "प्रार्थना भवन" जल संसाधन विभाग बिलासपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 227 वीं व जिला स्तर पर 14 वीं सुनवाई हुई। बिलासपुर में आयोजित जनसुनवाई में कुल 37 प्रकरणों में सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका कोई कार्यवाही नहीं चाहती है इसलिए प्रकरण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में दोनो पक्षों को सुना गया, जिसमें मामला नजूल विभाग में भूमि कब्जे का विवाद न्यायालय में लंबित होने के कारण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक प्रकरण में दोनो पक्ष को विस्तार से सुने जाने के दौरान ही आवेदिका ने बताया कि सिविल लाईन थाना बिलासपुर में आवेदिका की रिपोर्ट प्रकरण अनावेदकगणों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया है और अनावेदक पक्ष के रिपोर्ट पर आवेदिका और उनके पुत्री के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रकरण को आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनो पक्षों को सुना गया, आवेदिका कथन है कि अनावेदक ने 2017 में 03 तलाक दिया था। अनावेदक का कथन है कि उन्होंने 03 तलाक नहीं दिया है। दोनो पक्षों के बीच प्रकरण न्यायालय में लंबित है। इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध को उनके अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.10.2023 को उपस्थित होने की सूचना दिया जाता है, यदि अनावेदक अनुपस्थित रहते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। अन्य प्रकरण में पति पत्नि एक साथ एक ही घर में रह रहे हैं और दोनो के बीच पिछले 03 साल से बातचीत बन्द है। इस प्रकरण की कॉपी संरक्षण अधिकारी को दी गई ताकि दोनो के बीच काउसलिंग कराया जा सके। काउंसलिंग के बाद




किया गया। इसी प्रकार एक प्रकरण में अनावेदक पहले से शादीशुदा हैं यह जानते हुए भी आवेदिका अनावेदक के साथ अवैध रिश्ते में रहने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक के अनुपस्थिति पर उनके अधिवक्ता द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका द्वारा अपने प्रकरण रायपुर अगली सुनवाई में रखने के लिए अनुरोध किया गया है। अनावेदक भी दोनो के बीच समझौता नहीं होने की स्थिति में तलाक प्रक्रिया की कार्यवाही की जा सकेगी।

अधिकांश मामलों में आवेदिकाओं ने अपना प्रकरण इसलिए वापस ले लिया कि उनकी समस्याओं का समाधान आयोग में सुनवाई के पहले ही हो गया। आयोग की नोटिस मिलने के बाद तत्काल अनावेदकगण आवेदिका से समझौता कर रहे हैं, यह आयोग की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# जिले में लोक सेवा केन्द्रों के संचालन हेतु पात्र-अपात्र निविदाकारों की अनंतिम सूची जारी

**रायसेन, 26 सितम्बर 2023**

रायसेन जिले अंतर्गत स्थापित 10 लोक सेवा केन्द्रों के संचालन के लिए नवीन निविदाकारों के चयन हेतु प्राप्त निविदाओं की जांच के उपरांत पात्र-अपात्र निविदाकारों की सूची जारी कर दी गई है। जारी की गई अनंतिम प्रोविजनल सूची जिले की एनआईसी की वेबसाइट raisen.nic.in एवं लोकसेवा विभाग की वेबसाइट mpedistrict.gov.in पर देखी जा सकती है। इस सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाने हैं। यह दावा-आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम सूची जारी कर वित्तीय निविदा खोली जाएगी। दावा-आपत्ति के लिए 25 सितम्बर से 27 सितम्बर तक तीन दिवस का समय निर्धारित किया गया है तथा कार्यालय की ई-मेल आईडी loksevarai@mp.gov.in पर अथवा कार्यालयीन समय में लोक सेवा प्रबंधन विभाग कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन में उपस्थित होकर दावा-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत अथवा अन्य किसी माध्यम से विलम्ब से प्राप्त होने वाली दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 27 सितम्बर को सांची विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यो का करेंगे भूमिपूजन तथा लोकार्पण

**रायसेन, 26 सितम्बर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी 27 सितम्बर को प्रातः 09 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे रायसेन पहुचेंगे तथा यहां रानी दुर्गावती अनु.जनजाति बालिका छात्रावास गोपालपुर में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी प्रातः 11 बजे ग्राम हिनोतिया पहुचेंगे खास तथा यहां 71.16 लाख रू की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन करेंगे और 10 लाख रू लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री दोपहर 12 बजे सागर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत शाम 04.30 बजे गैरतगंज तहसील केक ग्राम परासिया पहुचेंगे तथा यहां 275.38 लाख रू लागत से बनने वाले 2.25 किमी लम्बे परासिया से खिड़की मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी शाम 05.25 बजे बम्होदी गोढ़ में 122.38 लाख रू लागत से 1.10 किमी लम्बे बम्होदी गोदढ़ से हाईस्कूल होते हुए आलमपुर मार्ग से अगरिया मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात शाम 06.15 बजे स्वास्थ्य मंत्री ग्राम मदनपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 07.15 बजे गैरतगंज पहुचेंगे और रेस्ट हाउस गैरतगंज में रात्रि विश्राम करेंगे।

# श्रेष्ठ विधायक की श्रेणी में एक बार पुन:चुनी गयी लाँजी विधायक हिना कांवरे

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 सितंबर )भाजपा सरकार में दूसरी बार लाँजी किरनापुर की विधायक एवं विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष युवा नेत्री हीना कावरे श्रेष्ठ विधायक चुनी गई। इससे पहले भी 2018 में भाजपा की ही सरकार में उन्हें श्रेष्ठ विधायक के लिए चुना गया था। जो ना केवल कांग्रेस बल्कि जिले के लिए गौरव की बात है।

यही नहीं बल्कि तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में तीन दशक पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस में विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया गया था। 10 जनवरी 2019 को सबसे कम उम्र की विधानसभा उपाध्यक्ष होने की भी उपलब्धि उन्हीं के नाम है। पिता से विरासत में मिली राजनीति में पिता की मृत्यु और मां के राजनीति नहीं करने के निर्णय के बाद बेटी हीना कावरे ने राजनीति में कदम बढ़ाया और 2013 में लांजी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रमेश भटेरे को बड़े अंतर से चुनाव हराकर पहली बार वह विधानसभा पहुंची।



विधानसभा में उनके कार्यों के चलते क्षेत्र की जनता ने पुनः 2018 में लगातार दूसरी बार चुनाव में जीत का सेहरा पहनाया। इस चुनाव में एक बार फिर कावरे ने अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंदी भाजपा के रमेश भटेरे को पटखनी दी थी। आज वह जिले में कांग्रेस की एक बड़ी नेता के रूप में उभर कर बालाघाट की कांग्रेस राजनीति में काफी ताकतवर नेता बन गई है। एक तरह से वह बालाघाट जिले में छोटी उम्र के बावजूद एक बड़ी लीडर के रूप में देखी और पहचानी जाने लगी है।

जिन्हें एक बार फिर विधानसभा की श्रेष्ठ विधायक के तौर पर चुना गया है। जिन्हें विधानसभा अध्यक्ष की ओर से श्रेष्ठ पुरस्कार से नवाजा जाएगा। कांग्रेस विधायक हीना कावरे को दूसरी बार श्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर जिले भर के कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई प्रेषित की है।

# दो किराना दुकानों से 100 क्विंटल पीडीएस चावल बरामद, दुकान संचालक पर मामला दर्ज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 सितंबर )वारासिवनी नगर में संचालित दो किराना दुकानों पर खाद्य विभाग ने छापा मार कार्यवाही करते हुए करीब सौ क्विंटल पीडीएस का चावल बरामद कर कार्यवाही किया।जिसमे रमेशचंद्र सुरेशचंद्र किराना और जयदीप किराना मर्चेंट शामिल हैं, जिसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन और एसडीएम के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई की गयी।यहां विक्रय करते मिले फोर्टिफाईड चावल की जांच के बाद दोनों ही दुकानों से लगभग 100 क्विंटल पीडीएस चावल बरामद कर उसे वेयर हाउस के सुपुर्द किया। इस दौरान पीडीएस चावल की हेराफेरी मामले में लगे दो वाहनों को बरामद कर वारासिवनी पुलिस के सुपुर्द किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद जब दुकानों में छापामार कार्रवाई की गई, तो यहां सफेद बोरियों में भरकर रखा पीडीएस चावल लगभग 100 क्विंटल मिला है। इसे वेयर हाउस के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं पीडीएस के चावल की अफरातफरी मामले में संलिप्त दो वाहनों को बरामद कर वारासिवनी पुलिस की अभिरक्षा में दिया है। इस मामले में रमेशचंद्र सुरेशचंद्र किराना सोहम सहाने और जयदीप किराना मर्चेंट संचालक लालु सोहाने के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रतिवेदन कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा। किराना व्यवसायियों के यहां इतनी बड़ी मात्रा में पीडीएस चावल के पाए जाने पर ना ही दुकानदार कुछ बता पा रहे है और ना ही विभाग। हालांकि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का मानना है कि



संभवतः राशन दुकान से चावल लेने वाले हितग्राही इन्हें सप्लाई करते है।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जयदीप किराना मर्चेंट का व्यवसायी लालु चावड़ा, इससे पूर्व भी चोर बाजारी अधिनियम के तहत 1980 के तहत सजा काट चुका है।अब सवाल यह उठता हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में पीडीएस का चावल इन दुकानों पर पहुंचा कैसे जो जाँच का विषय हैं जिस पर संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं ताकि भविष्य में इस पर अंकुश लग सके।

# भारतीय जनता पार्टी की परिर्वतन यात्रा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने प्रदेश सरकार पर किया प्रहार कहा भ्रष्टाचार औरे घोटाले की सरकार को बदलने का आ गया समय

**समाज जागरण ब्यूरो**

सीपत। भारतीय जनता पार्टी की परिर्वतन यात्रा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को गांव-गांव में स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है ' छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार को बदलने का मन बना लिया है ' जिस तरह से हर जगह स्थानीय लोग यात्रा का स्वागत कर रहे हैं, वो भूपेश सरकार के खिलाफ जनाक्रोश का संकेत है। इससे साफ है कि प्रदेश की जनता इस सरकार को हटाना चाह रही है। उन्होंने पीएससी घोटाले को लेकर भी प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय किया है जनता उन्हें माफ नही करेगी। प्रदेश सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार के आने के बाद प्रदेश का विकास पूरी तरह ढप हो गया है ट्रांसपोर्टिंग का ठेका रेडी टू एट का ठेका प्रदेश के बाहरी लोगों को दिया जा रहा है ' भूपेश सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है बिजली हाफ



करने के नाम पर पूरी बिजली कटौती की जा रही है। बिना लेनदेन के किसी भी जगह काम नही हो रहा है ' अफसरशाही हर जगह हावी है ' प्रत्याशी चयन को लेकर कहा यह विषय जो है चुनाव समिति का है निर्णय उन्हीं को लेना है ' 21 विधानसभा का लोगों की जो लिस्ट हमने जारी की है उसे देखकर कांग्रेस पार्टी में उथल पुथल मची हुई है ' इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी जिला प्रभारी मोतीलाल साहू प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी बेलतरा विधायक रजनीश सिंह ठाकुर मनोज तिवारी प्रणव शर्मा प्रणव शर्मा बी पी सिंह राज्यवर्धन कौशिक रामनाथ तिवारी एमन लाल साहू बलराम पाटनवार तामेश्वर कौशिक मनहरण लाल यादव अभिलेश यादव हरीकेश गुप्ता सुरेश दास महंत रामकुमार कुंभकार बांके बिहारी गुप्ता शिव यादव सहित भाजपा के प्रदेश जिला मंडल स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे '

# श्री गणेश उत्सव के चलते जिला भाजपा कार्याल यरायसेन में लगाई गई भगवान श्री गणेश की झांकी में महा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया।

रायसेन। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह , मीडिया विभाग के प्रभारी सी एल गौर, सहकार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, नगर मंडल महामंत्री राकेश मालवीय, ब्रज विश्वकर्मा, गिरजेश कुशवाहा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती



रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में माताएं बहनों ने महा आरती एवं भजन संध्या में भाग लेकर धर्म का लाभ उठाया।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**रायसेन, 26 सितम्बर 2023**

कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में आयोजित कर नागरिकों की व्यक्तिगत एवं जनसमस्याओं का निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त



हुए जिनमें अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण तथा विद्युत समस्या से संबंधित थे। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुपोषित भारत ,समर्थ भारत अभियान

***सेवा भारती स्वयं सेवकों ने वाहन रैली निकाली***

रायसेन -सुपोषित भारत एवं समर्थ भारत अभियान के तहत सेवा भारती स्वयं सेवकों द्वारा संस्कार भवन, रामलीला मैदान से वाहन रैली निकाली गई । यह वाहन रैली गली- मोहल्लों और शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पाटन देव हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई । रैली में स्वयं सेवकों द्वारा जनजागृति का संदेश देते हुए स्वस्थ-भारत, समृद्ध-भारत,सच्चा-सुख निरोगी-काया के नारे लगाते हुए माता, बहनों और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वाहन रैली में राहुल परमार, नारायण



कुशवाह , चन्द्रशेखर शर्मा, कैलाश ठाकुर, राजेन्द्र दांगी, सन्तोष लोधी, चिमन कुशवाह , जगदीश रैकवार, शिवराज, सन्तोष यादव , अरुण मिरोठा, अमन शर्मा, दीपक मालवीय,विकास चौहान, सुनील साहू , हर्षित खत्री ,यश मालवीय शामिल हुए।

# जिले में लोक सेवा केन्द्रों के संचालन हेतु पात्र-अपात्र निविदाकारों की अनंतिम सूची जारी

**रायसेन, 26 सितम्बर 2023**

रायसेन जिले अंतर्गत स्थापित 10 लोक सेवा केन्द्रों के संचालन के लिए नवीन निविदाकारों के चयन हेतु प्राप्त निविदाओं की जांच के उपरांत पात्र-अपात्र निविदाकारों की सूची जारी कर दी गई है। जारी की गई अनंतिम प्रोविजनल सूची जिले की एनआईसी की वेबसाइट एवं लोकसेवा विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाने हैं। यह दावा-आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम सूची जारी कर वित्तीय निविदा खोली जाएगी। दावा-आपत्ति के लिए 25 सितम्बर से 27 सितम्बर तक तीन दिवस का समय निर्धारित किया गया है तथा कार्यालय की ई-मेल आईडी पर अथवा कार्यालयीन समय में लोक सेवा प्रबंधन विभाग कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन में उपस्थित होकर दावा-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत अथवा अन्य किसी माध्यम से विलम्ब से प्राप्त होने वाली दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

# विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध-घुमंतु जनजातियों के विकास की 200 करोड़ की योजना

**रायसेन, 26 सितम्बर 2023**

प्रदेश में विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध-घुमंतु जनजातियों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिये अम्ब्रेला स्कीम तैयार की गई है। स्कीम के जरिये 5 वर्ष में 200 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। स्कीम वर्ष 2021-22 से प्रारंभ की गई है। स्कीम में इन वर्गों के शैक्षणिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, आजीविका और भूमि और आवास व्यवस्था पर यह राशि खर्च की जा रही है। इन वर्गों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सक्षम बनाने के लिये उच्च गुणवत्तापरक कोचिंग देने, स्वास्थ्य बीमा, सामुदायिक स्तर पर जीविका पहलों की सुविधा और आवास निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करना प्रमुख है।

# पूर्व विधायक दिलीप लहरिया का सघन जनसंपर्क लगातार जारी कोसमडीह एवं मोहतरा के पारा टोला में किया जनसंपर्क

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विधानसभा मस्तुरी के ग्राम पंचायत कोसमडीह एवं मोहतरा के पारा टोला में पूर्व विधायक दिलीप लहरिया ने सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान पूर्व विधायक लहरिया ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री भूपेश बघेल द्वारा



मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले किसानों का कर्जमाफ किया गया, बिजली बिल हॉफ किया गया। आवास न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के तहत किसानों, भूमिहीन मजदूरों के खाते में पैसा डालने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अजा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मस्तुरी विधानसभा के बिसाहू राम डहरिया

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एस सी विभाग 24 अकबर रोड नई दिल्ली से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया द्वारा जारी किया गया जिसमें कांग्रेस के 21 पदाधिकारियों का नियुक्ति आदेश जारी किया जिसमें एस सी विभाग से मस्तुरी विधानसभा के ग्राम कोसमडीह निवासी बिसाहू राम डहरिया को विभाग में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।श्री डहरिया छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से 2013 में सेवानिवृत्त हुऐ। सेवानिवृत्त बाद डहरिया ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेकर राजनीति में सक्रिय हुए। 2014 में श्री डहरिया मस्तुरी विधानसभा से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़े। श्री डहरिया छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव एंव बिलासपुर अध्यक्ष पद पर 2000 से 2008 तक रहे,अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति संगठन के परिसंघ के संयोजक,राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एंव अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान के छत्तीसगढ़ राज्य के सचिव एंव अजाक्स के अविभाजित मध्यप्रदेश के महत्त्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वर्तमान पद की नियुक्ति पर श्री डहरिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया , मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ,प्रदेश प्रभारी कु शैलजा एंव प्रदेश अध्यक्ष एस सी राजकुमार अंचल का आभार व्यक्त किया।

# योग शिविर का आयोजन 27 सितंबर को

**समाज जागरण**

अनूपपुर। ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर के अध्यक्ष रामप्रकाश द्विवेदी एवं महामंत्री अनिल तिवारी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अनूपपुर शहर में स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान मे 27 सितम्बर दिन बुधवार समय शायंकाल 4 बजे से 6 बजे तक रखा गया है जिसमें योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज की परम शिष्या देवादिती जी के परम सानिध्य मे कार्यक्रम किया जाना है जिसमें योग विज्ञान एवं ध्यान योग विद्या पर आधारित रहेगा`

उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महामंत्री अनिल तिवारी ने बताया कि यह योगसिविर पूर्णतःनिः शुल्क है आप सभी माताओं बहनों से बिनम्र अनुरोध है कि आप अपना अमूल्य समय निकालकर योग शिविर में अवश्य पधारे कार्यक्रम को मुख्य रूप से पतंजलि योगपीठ की महिला शक्तियां सुधा मालवीय, वंदना जैन, मधु खर्द, सारिका निगम, निर्मला मिश्रा, सरिता खेमका ने संयुक्त रूप से अपील किया है ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कान्हा गेस्ट हाउस, अमरकंटक तिराहा (युनियन बैक के पास) शांय 4बजे से 6बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# "कलेक्टर के पास जनसुनवाई में इंसाफ की मांग: ग्राम बगडुमरा हत्या मामले में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग"

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा गणेशिया पति स्व. लखन पति स्व. लखन सिंह उर्फ लल्लू निवासी ग्राम बगडुमरा ने जनसुनवाई में इंसाफ की मांग करते हुए कलेक्टर के पास शिकायत की मेरे पति लखन सिंह उर्फ लल्लू को मारपीट कर हत्या कर दी गई थी और बिस्तर में सुला दिया गया था जिसकी जांच और दोषियों पर कार्यवाही अभी तक थाना भालूमाड़ा पुलिस द्वारा नहीं किया गया

मामला कुछ इस प्रकार है कि लखन सिंह उर्फ लल्लू निवासी ग्राम बगडुमरा थाना भालूमाड़ा जिला अनूपपुर (म०प्र०) की निवासी है। दिनांक 09/06/2023 को को पड़ोसियों द्वारा फोन पर जानकारी हुई कि प्रार्थिया के पति लखन सिंह उर्फ लल्लू की मृत्यु घर में हो गई है, प्रार्थिया घटना के समय अपने मायके ग्राम हरद, थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर (म0प्र0) में थीं। घटना की सूचना प्राप्त होने पर प्रार्थिया अपने ससुराल ग्राम बगडूमरा 09/06/2023 को पहुँच गई। दिनॉक 10/06/2023 को पुलिस थाना भालूमाड़ा द्वारा मेरे पति के शव का पंचनामा करवाया गया. पंचनामा पश्चात शव को परिवारवालों को सौंप दिया गया। पंचनामा में पुलिस द्वारा यह लिखा गया कि मृतक के सिर माथे एवं हाथ एवं पैर में चोट के निशान है तथा मृतक के नाक एवं मुंह से झाग निकल रहा था। प्रार्थिया ने आवेदन पत्र के माध्यम से गंभीरता से विचार करते हुये घटना के संबंध में जाँच बिठाये जाकर दोषियों एवं अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं उचित कार्यवाही हेतु कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत की है

**इनका कहना है**

मृतक लखन सिंह का सव फुल चुका था और दुर्गंध आ रही थी इसलिए कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन उसकी जांच के लिए सागर रिपोर्ट भेजा गया है वहां से रिपोर्ट आने पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी प्रभाकर पटेल जांच अधिकारी थाना भालूमाडा

# मतदाता जागरूकता अभियान: चित्र बनाकर मतदान करने किया जागरूक

**समाज जागरण**



उमरिया-स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य व मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के निर्देशन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा वार्डो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों के इकट्ठा कर पोस्टर बनाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि सच्चा मतदाता ही देश की सच्ची नागरिकता की पहचान है।भविष्य के मतदाता को जागरूक होना चाहिए।उन्होंने कहा कि 18 वर्ष उम्र वाले बच्चों की वोट बनवाने का कार्यक्रम तथा जो पहले से ही वोटर है वे शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वोट बनवाने के लिए चलाए जा रहे सुपर हिट कार्यक्रम में मतदान केंद्रों पर बीएलओ नवीन वोट बनाने व मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला रहे हैं। इसका उद्देश्य कोई व्यक्ति ना मताधिकार से छूट न पाए हैं।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह,राहुल सिंह,शिखा बर्मन ,लकी यादव,सत्यम सेन,निखिल सिंह राठौर,आनंद विश्वकर्मा, युवराज सिंह,कुश बर्मन,लव बर्मन, सुमित सेन एवं सभी उपस्थित रहे।

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का अनूपपुर में हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

भोपाल।. कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ



जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 20 सीतम्बर 2023 को अनूपपुर शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया।

**समाज जागरण**इस मौके पर आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अनूपपुर पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे शासकिये पॉलिटैक्निक महाविद्यालया शासकिये आई. टी. आई. अनूपपुर के प्राचार्यएवं ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे।

इस दौरान आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अनूपपुर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे झपीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ, डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए आइसेक्ट संभागिए प्रबन्धक श्री अमृत राज निगम जी ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस , इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रा पोर्टल,ठएएट/ठअढर इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया।

- आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान
- नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग
- 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यात्रा

गौरतलब है कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट-एनएसडीसी पार्टनरशिप में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आईसेक्ट और भारत सरकार के उपक्रम एनएसडीसी के हाल ही में हुए समझौते के तहत विभिन्न कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश भी प्रारंभ हो गए हैं। इसमें 250 से भी अधिक डिप्लोमा व सर्टीफिकेट पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। एनएसडीसी द्वारा आईसेक्ट का चयन नोडल संस्था के रूप में किया गया है। आईसेक्ट व एनएसडीसी द्वारा अर्द्धशहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर आईटी हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे रोजगारोन्मुख विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक्सएवं हार्डवेयर, बैंकिंग, व फायनेंशियल सर्विसेज, टीचर प्रशिक्षण, टेक्सटाइल, एग्री स्किल्स तथा रिटेल आदि विषयों के पाठ्यक्रम आईसेक्ट

# भगवा पार्टी अनूपपुर जिला के खाड़ा सेक्टर अध्यक्ष बने प्रियेश कुमार तिवारी ने दी बधाइयां

**समाज जागरण**

अनूपपुर । भारतीय गण वार्ता भगवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला के निदेर्शानुसार और राष्ट्रीय महामंत्री मुरारी लाल पांडे की सहमति से जिला भगवा कमेटी के अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी के द्वारा भगवा कार्यालय में ग्राम खाड़ा के जुझारू एवं समाज सेवक प्रियेश कुमार तिवारी को ग्राम खाड़ा के सेक्टर अध्यक्ष जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी जिला भगवा कमेटी के द्वारा नए दायित्व के पद पर मनोनयन पत्र देकर नियुक्त किया गया है । जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने कहा कि प्रियेश कुमार तिवारी सेक्टर खाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर ,बकेली, पोड़ी और खाड़ा मे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत कर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे।वही प्रियेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवा पार्टी ने मुझे सेक्टर खाड़ा के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी दी है ,हम उसे बखूबी निभाएंगे.इस अवसर पर पार्टी के सभी सम्मनित सदस्यों ने शुभकामनाये प्रेषित करते हुए प्रियेश कुमार तिवारी से उम्मीद की गई है कि आप अनूपपुर जिले में भगवा पार्टी को मजबूत करेंगे और अपने सेक्टर का दौरा कर भगवा पार्टी के उद्देश्यों एवं भारतीय जनता पार्टी और कॉंग्रेस के जन विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे साथ ही भगवा पार्टी जनता के सामने नए विकल्प के रूप उभरकर आ रही है। और कार्यों से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जिला भगवा अध्यक्ष को प्रेषित करेगे। प्रियेश कुमार तिवारी नियुक्ति पर जिला भगवा कमेटी अनूपपुर जिलाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, गंभीर सिंह सेंगर, सुजीत मिश्रा, कार्यलय मंत्री संदीप गर्ग,प्रवीण शर्मा , युवा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष समीर खान ,संतोष कुमार ,श्रीमती निराशा सिंह, श्रीमती पार्वती नागेंद्र कुमार सिंह ऋषि राज सिंह श्रीमती नीलम तिवारी, धर्मेंद्रकांत तिवारी ,वीरेंद्र कुमार, जगतधारी सिंह, संतोष बैगा, श्रीमती सुभद्रा, चंद्रप्रकाश महरा, अनिल राठौर, विजय राठौर ,सूरज राठौर,जवाहरलाल साहू,जयप्रकाश मिश्रा, सचिन तिवारी, मनोज साहू,बसंत लाल साहू, रामप्रसाद राठौर रवि केवट श्रीमती रेखा द्विवेदी,कुँवर सिंह परिहार, के.के.सिंह परिहार, निरंजन यादव, रामजी राठौर, शहीद खान,रामसजीवन गौतम,राजकुमार सोनी, प्रकाश कुशवाहा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# पेशा एक्ट के दूसरे दिन सेक्टर अमिलिहा में पेसा एक्ट प्रशिक्षण हुआ आयोजन प्रणाम पत्र से किये सम्मानित

### *पेशा एक्ट की ग्राम सभा से लोगो को मिलेगा उनका अधिकारः- रविन्द्र शुक्ला*

बिरसिंहपुर पालीः- उमरिया जिले जनपद पंचायत पाली जनपद के 44 ग्राम पंचायतों में 05 दिवसीय पेशा एक्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम जो कि दिनांक 25 सितंबर से 29 सितंबर तक पाली जनपद के सेक्टर चौरी,अमिलिहा,मालाचुआ,मलियागुड़ा,सेक्टर पाली,में पेसा एक्ट प्रशिक्षण का आयोजित किया जा रहा है। आज दूसरे दिन अमिलिहा में प्रशिक्षण का शुभारंभ जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला पेशा एक्ट मास्टर ट्रेनर अंजनी चनपुरिहा ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह मरावी समाजिक कार्यकर्ता हरीसिंह मरावी सरपंच पेशा ब्लॉक समन्वयक उपस्थिति में पूज्य बापूजी के छाया चित्रों पर पुष्प अर्पित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। म. प्र शासन के निर्देश अनुसार प्रदेश के 20 जिलों में 89 वि.ख.में पैसा एक्ट अधिनियम के अंतर्गत विकासखण्ड के सभी सेक्टरों में प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसके परिपालक में आज पाली जनपद के ग्राम पंचायत अमिलिहा, बड़वाही,चंदनिया, बकेली, मेढ़की, सलैया,सेमरिहा, भीम्माडोंगरी, महरोइ सहित कुल 10 पंचायतों के पेशा मोबिलाइजर, पेशा अध्यक्ष की उपस्थिति में कुल 07 सत्र में प्रशिक्षण का आयोजन कराया गया, मध्य प्रदेश अभियान परिषद के नवांकुर संस्था समिति के अध्यक्ष आदित्य शिवहरे



सीएम. सीएल. डीपी.के छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों की उपस्थिति यह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पेसा एक्ट प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य,है कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा में अंतर, ग्राम सभा के गठन का प्रस्ताव बनाने की प्रकिया, ग्राम सभा की बैठक का संचालन, ग्राम सभा के अधिकार, आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिलाया गया साथ ही अमिलिहा में गाँव के नक्से बनाकर लोगो समझाया गया। पेशा पर वाद विवाद कर लोगो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच बिंद कुमारसिंह,सिरितिया बाई,सचिव राजेश यादव ,नृपेंद्र सिंह,ओमकार द्विवेदी,अमेरिका सिंह,चंद्रकांत यादव,पेशा अध्यक्ष श्याम प्रकाश कोल,पारस नाथ कोल,सुनील सिंह,गजन सिंह,बहादुर सिंह,रनमत बैगा रामबाई बैगा,मोबिलाइजर प्रिया श्रीवास्तव ज्ञानवती सिंह, शकुंतला बैगा निशा सिंह मयूर

# हैप्पी स्क्वायर कर रहा लेबरों का शोषण

## अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई का मामला

अनूपपुर अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई का है इन दीनों अमरकंटक ताप विद्युत गृह में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है चाहे वह लेबरों से संबंधित हो या ठेका से संबंधित कहीं ना कहीं ताप विद्युत ग्रह चाचाई में भ्रष्टाचार उजागर होता ही रहता है तीन से चार दिन पहले हैप्पी स्क्वायर के ठेके द्वारा द्वारा मेंटेनेंस का कार्य कराया गया था जिसमें क्लीनिक से संबंधित कार्य में लगे स्किल्ड एवं अनस्किल्ड लेबर लगे हुए थे जिनको शासन द्वारा अलग-अलग रेट से दर निर्धारित करके पेमेंट की जाती है लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से रेट दिया जा रहा है कहने को तो उनके खाते में पेमेंट पूरी जाती है लेकिन जब वह बैंक में क्रेडिट हो जाती है तो वहां खड़े हैप्पी स्क्वायर के मुंशी लेबरों से 2000 से लेकर 1500 रुपए तक उनसे नगद वापस ले लिया जाता है यदि लेबर वापस करने से मना करते हैं तो उन्हें उन्हें काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है जिससे लेबर अपना पेट काटकर ठेकेदार का पेमेंट करने पर मजबूर हो जाता है यदि ऐसे ठेकेदारों के ऊपर प्रबंधक कार्यवाही नहीं करती है तो यह उम्मीद लगाए जा सकता है कि कहीं ना कहीं प्रबंधन की सहमति ठेकेदार के प्रति रहती है जिससे ठेकेदारों के हौसले बुलंद रहते हैं और लेबरों को धमका कर पैसे ले लिया जाता है

## हैप्पी स्क्वायर के मुंशी का हो रहा है वीडियो वायरल

16 अगस्त 2023 को हैप्पी स्क्वायर के मुंशी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने सभी लेबरों को लेकर आया और उन सभी लोगों के अकाउंट से बिना पासबुक के विड्रोल का फॉर्म भरवा के उसके माध्यम से पैसा निकलवाया गया और सभी लेबरों से पैसा वापस ले लिया गया जिसका वीडियो दैनिक नव प्रदेश समाचार पत्र के कैमरे में कैद हो गया और मुंशी से पूछा गया कि आप इनसे पैसा क्यों ले रहे हैं तो मुंशी से पैसा लेते हुए बताया कि इतनी बड़ी कंपनी है हैप्पी स्क्वायर बहुत बड़ी फर्म है यह अधिकारियों के मिलीभगत के बिना नहीं चलती है अमरकंटक ताप विद्युत गृह के अधिकारी मोटी रकम के साथ ब्लेंडर भी उनको सप्लाई की जाती है तब जाकर हम यह सब अपनी मनमानी कर पाते हैं लेकिन इनकी मनमानी के कारण गरीब मजदूर लेबरों का शोषण हो रहा है इसके जिम्मेदार कौन होगा निश्चित ही अमरकंटक ताप विद्युत ग्रह को इसके बारे में संज्ञान लेना चाहिए

# गोंडवाना पार्टी के कार्यकताओं ने किया पुलिस पर हमला, हालात बेकाबू

## एसपी,चंदिया टीआई सहित आधे दर्जन पुलिस कर्मी घायल



उमरिया मुख्यालय स्थित स्टेशन चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने पुलिस पर हमला किया है।बताया जाता है कि इस घटना में कई पुलिस कर्मी घायल भी हुए है, ।सूत्रों की माने तो माह के शुरूवाते हफ्ते में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कोई ज्ञापन दिया था,जिनमे समस्याओं के निराकरण की बात कही थी,परन्तु निराकरण नही होने से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्टेशन चौक पर सड़क जाम कर दिया,जिसके बाद शहपुरा मार्ग,कटनी मार्ग,मार्किट मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया।हालात बिगड़ते देख पुलिस ने पार्टी के जिम्मेदार लोगों से एम्बुलेंस निकालने की बात कही,जिस पर मामला तूल पकड़ लिया,और हालात बेकाबू हो गए।उमरिया के इतिहास में पहली बार ऐसा बलवा देखने को मिला,जो दुर्भाग्यपूर्ण है।इस घटना में एड एसपी



प्रतिपाल महोबिया घायल बताए जा रहे है,इनके अलावा चंदिया थाना प्रभारी मंजू शर्मा,पुलिस कर्मी अशोक ठाकुर एवम सत्यदेव यादव सहित एसएफ के दो जवान फिलहाल13 पुलिसकर्मी घायल हुए है।इनके अलावा और भी पुलिस कर्मियों के घायल होने की खबर है,जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया जिनका उपचार जारी है 3 पुलिस ज्यादा घायल होने से उन्हें जबलपुर रिफर कर दिया है घायलो को देखने डी सी सागर ए डी जी पी उमरिया पहुंचे है वही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपितों की तलाश जारी है।

# इस्तियाक बने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री

शहडोल ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बुढार निवासी मो. इस्तियाक को जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है ज्ञात हो कि मो.इस्तियाक कांग्रेस के समर्पित सिपाही होने के साथ नगर में होने वाले सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं , प्रदेश में इसी वर्ष के अंत में होने वाले आगामी चुनावों को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है , मो.इस्तियाक की इस नियुक्ति पर पार्टी के कार्यकताओं और मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

# चारु काव्यांगन का भव्य वार्षिक उत्सव, पुस्तक लोकार्पण, एवं सम्मान समारोह विधिवत हुआ सम्पन्न

### प्रेम-परिधि..चारु साझा काव्य-संग्रह का भव्य लोकार्पण

लखनऊ !साहित्यिक शुचिता एवं हिंदी को समर्पित संस्था चारु काव्यांगन के तत्वावधान में प्रेम- परिधि (चारु साझा काव्य -संग्रह) का लोकार्पण व सम्मान, वार्षिक समारोह , बलरामपुर गार्डेन,पुस्तक मेला,लखनऊ में विधिवत




सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता साहित्य भूषण श्री कमलेश मौर्य "मृदु" जी ने की। मुख्य अतिथि डॉ अनिल मिश्र जी एवं अतिविशिष्ट अतिथि कनाडा से श्री उदय प्रताप सिंह जी, व श्री विशिष्ट अतिथि आगरा से श्री मोहन मुरारी शर्मा जी रहे। मुख्य वक्ता श्री हरिमोहन वाजपेयी "माधव" जी रहे।

### समारोह में उपस्थित सभी काव्य मनीषियों का स्वागत डॉ रेनू द्विवेदी (संस्थाध्यक्ष) ने किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री चन्द्र देव दीक्षित जी द्वारा किया गया। समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के बाद में डॉ शोभा दोक्षित "भावना" जी की सुमधुर वाणी वन्दना से हुआ। इस अवसर पर प्रेम-परिधि पुस्तक, चारु साझा काव्य- संग्रह में सम्मिलित श्रेष्ठ रचनाकार श्री कुँवर कुसुमेश जी, डॉ शोभा दीक्षित "भावना" जी, डॉ निर्भय नारायण गुप्त जी, श्री श्रीश चन्द्र दीक्षित जी, श्री मनमोहन बा-राकोटी जी, श्री आलोक रावत "आहत लखनवी जी,श्री अमर श्रीवास्तव जी, डॉ प्रतिभा मिश्रा जी, सुश्री राधा शुक्ला जी, श्री सुरेंद्र मिश्र "अंकुर" जी,डॉ सुधा मिश्रा जी,श्री जितेंद्र मिश्र "भास्वर" जी, सुश्री वर्षा रानी श्रीवास्तव जी, श्री पीयूष सिंह जी,श्री मनोज कुमार सिंह जी,श्री हरिगोविंद यादव जी, श्री अजय त्रिवेदी जी को चारु साहित्य रत्न सम्मान से संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में 70 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकारों व शहर के गणमान्य मनीषियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**समारोह के अंत में पधारे काव्य मनीषियों का आभार व्यक्त विनोद कुमार द्विवेदी(आयोजक) ने किया।**

# कोतमा के भाजपा प्रत्याशी का अनूपपुर में भव्य स्वागत

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोतमा विधानसभा क्षेत्र में दिलीप



जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है। टिकट मिलने के बाद जायसवाल के अनूपपुर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया और माल्यार्पण किया।

# मध्य प्रदेश के दतिया में बड़ा हादसा, गणेश विसर्जन के दौरान डूबे कई बच्चे, 4 की मौत

दतिया. बड़ी खबर मध्य प्रदेश से है जहां दतिया में बड़ा हादसा हुआ है. मंगलवार की रात को गणेश विसर्जन करने के दौरान एक बड़ी घटना हो गई, जिसमें चार बच्चों की मौत हो गई . जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना के निरावल ग्राम में ग्रामीणों ने गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की थी. आज ग्रामीणों के बच्चे गणेशजी का विसर्जन करने गांव में ही मंदिर के पास में बने कुंड में पहुंचे.
कुंड की गहराई कुछ ज्यादा थी. बच्चों को इसका अंदाजा नहीं था. जब बच्चे गणेशजी का विसर्जन कर रहे थे तो कुछ बच्चे कुंड में डूब गए. कुंड में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई जबकि तीन बच्चे गंभीर हैं जिनमे दो को ग्वालियर रेफर कर दिया गया है.
मरने वाले बच्चों में तीन बच्चियां और एक बच्चा शामिल है. सभी की उम्र करीब 14-15 साल की है. बच्चों की मौत की खबर सुनकर एसपी प्रदीप शर्मा समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया. इस घटना के बाद से मृतक के परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाला है.

# पोषण चौपाल का किया गया आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

चरपोखरी प्रखंड के सियाडीह पंचायत के वार्ड संख्या 14 स्थित सामुदायिक भवन में पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित पोषण चौपाल



की शुरूआत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राधिका रमण के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा संतुलित आहार स्वच्छता,अच्छी आदतें, परिवार नियोजन, टीकाकरण को लेकर महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिलाओं के साथ विशेष संवाद किया गया।इस दौरान मौजूद प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक नवनीत शेखर,चिंता कुमारी,शैल कुमारी,सोनी कुमारी,पंकज कुमार चौधरी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तरारी में मेरी माटी मेरा देश के तहत स्वतंत्रता सेनानी के घर से गई मिट्टी सग्रह कार्यकार्म आयोजित

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी**

तरारी। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत तरारी विधान सभा अन्तर्गत के भिभिन गाँव में स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के



घर से मिट्टी चावल संग्राह किया गया। यह कार्यक्रम जिला के सभी गांवो में चलाया जा रहा है। लोगों के आगन से एकत्र पवित्र मिट्टी प्रखंड स्तर पर एकत्रित कर दिल्ली अमृत वाटिका बनाया जाएगा। जिससे देश के आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। अमृत वाटिका प्रत्येक घर के आंगन की पवित्र मिट्टी का उपयोग किया जाएगा। अमृत वाटिका का निर्माण देश के वीर शहीदो एंव स्वतंत्रता सेनानियों के याद में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंदन कुमार चांद ने कहा कि लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के कुबार्नी देकर सपना साकार किया। उनके बलिदानी को याद कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र भावना के तहत अमृत कलश में परिजनो से अपने आंगन से मिट्टी देने के लिए आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिकरहटा मंडल अध्यक्ष रामानुज सिंह , भरथ राय, गोपाल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार उर्फ बादल, नवीन राय, पंकज सिंह , रंजन सिंह कुशवाह और दीपू सिंह सहित दर्जनों लोग सामिल थे।

# भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दलित टोली में कॉपी पुस्तक कलाम का वितरण

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी**

तरारी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तरारी मंडल के सारा गांव, कुदरिया गांव दलित बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान चला केंद्र सरकार की योजना की



जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड भाजपा के कार्यकर्ता सिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनवाएंगे। सारा मुसहर टोली में पूर्व वार्ड पार्षद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही दलित टोला के छात्रों के बीच कॉपी पुस्तक कलाम का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान तरारी विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौशल कुमार सिंह उर्फ कौशल विद्यार्थी ने कहा कि केंद्र सरकार दलितों के उत्थान के लिए करीब दो दर्ज की योजनाओं को चला रही है लेकिन राज्य सरकार कि इसमें दिलचस्पी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बृज बिहारी, पांडेय, अरविंद सिंह, विद्यासागर पांडेय ,मिकु सिंह, पंकज सिंह, रितेश सिंह, पिंटू राय और रजनीश मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# गिद्दा में सरकारी पेड़ काटने मामले 6 लोग गिरफ्तार।

***दैनिक समाज जागरण: अश्वनी कुमार पिंटू कोईलवर***

गिद्धा ओपी क्षेत्र के गिद्धा गांव में सरकारी महुआ के सूखे पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद में जमकर मारपीट में दोनों पक्षों से महिला पुरुष समेत दर्जन भर लो घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल आरा में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बता दे की सरकारी महुआ के सूखे पेड़ को एक पक्ष के द्वारा काटा जा रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया तो अपने ही दोनों पाटीदारों में जमकर लाठी डांटे से मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के अगल्लू पासवान ,आरती सुंदर देवी, विकास पासवान, राधेश्याम, संध्या देवी, सुखी देवी, बच्चू पासवान, तथा वहीं दूसरे पक्ष में सरोजा देवी, सीता पासवान सुनैना देवी, सुनीलाल, संतोष पासवान, महीलाल पासवान तथा मुन्नीलाल पासवान शामिल है। वही इस घटना को लेकर गिद्दा ओपी प्रभारी से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर दोनों पक्षों से इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# सम्राट चौधरी का आरा में हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव**

आरा: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का बक्सर कार्यक्रम मे जाने के दौरान भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया। भोजपुर जिला के प्रवेश द्वार कोईलवर मे प्रवेश करते ही प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। फूल-माला, अंगवस्त्र के साथ कोईलवर नगर मंडल सहित जिले के कार्यकताओ द्वारा स्वागत किया गया। कोईलवर के बाद कायमनगर मे उसके बाद आरा बामपाली जिला कार्यालय मे जिला पदाधिकारियो और महिला मोर्चा और गजराजगंज मंडल द्वारा ढोल-बाजे,अंगवस्त्र और फूल-माला के साथ प्रदेश



अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे मिथिलेश कुशवाहा,ई.धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सहि,मीरा यादव,वंदना राजवंशी,लव पांडेय, पुनम कुशवाहा, सीडी शर्मा, संजय कुमार सिंह, मधु मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी,रमेश कुमार कर्ण, रामदिनेश यादव,दीपक सिंह,विरेन्द्र कुमार,भरत चौधरी,धनंजय तिवारी, भिखारी सिंह,कुमार गौतम सहित दर्जनों कार्यकर्ता थे। वही प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का स्वागत बिहिया नगर,बिहिया पूर्वी,शाहपुर नगर,शाहपुर पश्चिमी मंडल के कार्यकताओ द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया।

# बड़गाव के धनपुरा स्थित नहर में डूबने से एक युवक की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव**

आरा भोजपुरः अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव के धनपुरा टोला स्थित नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सहार थाना क्षेत्र के कारबासीन गांव के विश्रामपुर टोला निवासी सुदर्शन सिंह के पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई। जो पैसे से मजदूर बताया जाता है। मृतक के भाई भगवान सिंह ने बताया कि अशोक सोमवार की सुबह काम करने के लिए घर से निकला था। गांव से बाहर रास्ते में नहर पड़ता है। जहां बिजली के पोल के सहारे लोग नहर पार करते हैं।इस दौरान पार करते समय असंतुलित होकर नहर में गिर गए। जिसमें डूबने



उसकी मौत हो गई। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन करने के दौरान मंगलवार की सुबह बड़गांव गांव के धनपुरा टोला स्थित नहर में उसका शव पड़ा दिखा। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला, और घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मौत की सूचना पाकर घर में कोहरा मच गया।

# विश्व रेबिज दिवस पर 28 सितम्बर को पीरो में निशुल्क टिकाकरण डा० रबि

## पशुपालन अस्पताल मे 28 को मुफ्त लगेगा एंटी रेबीज टीका

पीरो ।घर मे यदि कुत्ता को पाल रहे हैं तो उसे एंटी रैबीज का टीका अवश्य लगवाए। क्योंकि यह पूरी तरह से मानवरक्षित है। इसको लेकर बिहार सरकार काफी तत्पर है ताकि समय समय पर पालतू कुत्तों को एंटी रैबीज दिया जा सके।

बता दें कि पालतू कुत्तों को रैबीज रोधी टीका लगाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पालतू कुत्ते को मुफ्त टीकाकरण किया जाएगा। रैबीज रोधी निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में जल्दी में टीकाकरण कराना आवश्यक है। पालतू कुत्तों को टीकाकरण की यह व्यवस्था पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित बंस पडाव के समीप अवस्थित पशुपालन अस्पताल में विश्व रेबिज दिवस को 28 सितंबर को निशुल्क किया गया है।

ताकि रैबीज जैसी खतरनाक बीमारी से आम जनों को बचाया जा सके। विभाग द्वारा एंटी रैबीज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कुत्तों को वैक्सीन लगाने का सभी प्रखंडों को मिलाकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कुत्तों को लेकर आना होगा अस्पताल

कुत्ता पालने वालों को अपने कुत्ते को लेकर पशुपालन अस्पताल में लेकर आना होगा। ताकि उन्हें सही तरीके से रैबीज दिया जा सके। यहां डा० रवि के साथ ही अन्य डॉक्टर रहेंगे। इनके साथ ही अस्सिटेंट होंगे जो रैबीज दिलवाने में सहयोग करेंगे।

### देने होंगे नाम व पता

रैबीज दिलवाने के पहले पशुपालकों को खुद से पहल करते हुए अपना नाम,मोबाइल नम्बर व पता देने होंगे। वहां कार्यरत डाटा ऑपरेटर के पास एड्रेस वगैरह देने होंगे। जिसके बाद कुत्तों को रैबीज का इंजेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक का समय निर्धारित की गई है।

# कांग्रेस का परिवर्तन संकल्प रैली का सफल आयोजन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव

आरा : परिवर्तन संकल्प रैली कांग्रेस मैदान शहीद भवन आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आहुत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी शिरकत किए। मुख्य अतिथि के आगमन पर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह जो इस कार्यक्रम के संयोजक भी थे। डॉक्टर श्रीधर तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों के साथ कोईलवर में रिसीव कर भव्य स्वागत करते हुए सकड़ी धनुपरा धरहरा दूध कटोरा वली गंज अबरपुल शीश महल चौक गोपाली कुआं आरा नगर थाना से शहीद भवन तक गाजे बाजे साथ आगमन हुआ । आगमन के पश्चात कांग्रेस प्रांगण में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात झंडातोलन का कार्यक्रम हुआ उसके बाद मंच पर आसीन कर प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ पटना से आए आगत अतिथियों जिसमें तारीक अनवर, निखिल कुमार, पूर्व राज्यपाल एवं बिहार राजनीतिक मामलों के अध्यक्ष डॉ शकील अहमद खां, मदन मोहन झा पूर्व अध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृपानाथ पाठक, पूर्व मंत्री बिहार सरकार नरेंद्र सिंह, पूर्व सदस्य बिहार विधानसभा डॉ श्रीमती ज्योति पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ समीर कुमार सिंह, प्रभारी भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी डॉक्टर अंशुल अभिजीत, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदेश के वरिष्ठ नेता बृजेश पांडे जी बिहार सरकार के पुर्व मंत्री विणा शाही जी बिहार सरकार के मंत्री मुरारी गौतम जी बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा जी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरिब दास सेवा दल के अध्यक्ष संजय कुमार एवं सेवा दल के पुर्व अध्यक्ष अजय चौधरी आदि नेताओं का अंग वस्त्र माला एवं बुके और भोजपुर जिला का आन बान और शान तलवार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अपने सम्बोधन में

डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी ने कहा कि आज मैं भोजपुर की ऐतिहासिक धरती पर इस तरह का अभिनंदन स्वागत देखकर अभिभूत हूं जिला का



शुरू से एक अपना इतिहास रहा है इसकी अपनी एक गरिमामयी परंपरा है। जिसे आज भी जीवंत रूप में दिख रहा है। भोजपुर जिला संगठनात्मक रुप से काफी मजबूत सशक्त है।और चुनाव से पूर्व इसे और ताकतवर और धारदार बनाना है। यहां के लोग और कांग्रेस के कार्यकताओं पर पुरा भरोसा है। आज हम शाहबाद के सभी जिले के दौर पर निकले हैं।उस में आज मेरा भोजपुर में आगमन हुआ है।राहुल गांधी जी के नीतियों सिद्धांतों और उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाना लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ना और कांग्रेस को सशक्त और मजबूत विकल्प बनाना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है।

पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है इसके विरोध में एकमात्र विपक्ष की आवाज पूरे देश में हम सबों के नेता राहुल गांधी जी है जो मोदी सरकार के हर कुरीतियों के खिलाफ बुलंद आवाज उठाते हैं ।

सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर मदन मोहन झा ने कहा की अखिलेश बाबू जब से अध्यक्ष बने हैं लगातार जिला का दौरा कर संगठन को मजबूत करने में लगे हैं ।

श्रीमती ज्योति ने अपने क्रांतिकारी संबोधन में कहा कि भोजपुर जिला जिस तेवर के लिए जाना जाता है। आज एक बार पुनः माननीय अखिलेश बाबू को भव्य स्वागत कर इतिहास रचा है। डॉक्टर अंशुल अभिजीत ने अपने संबोधन में कहा कि भले में राष्ट्रीय राजनीति में हूं लेकिन मेरा विचार मेरी सोच मेरी खून इस भोजपुरी की मिट्टी से जुड़ा हुआ है। और मैं इस लगाओ को और मजबूत और सशक्त बनाना चाहता हूं यहां के लोगों से मेरा एक पारिवारिक संबंध है जिसे और प्रगाढ़ बनाना है। कार्यक्रम का संचालन पुर्व विधान पार्षद एवं संयोजक परिवर्तन संकल्प रैली डाक्टर अजय कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस विचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं अक्छउ सदस्य डॉ शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में शिवकुमार सिंह निर्मल वर्मा बबन पाण्डेय डाक्टर आलोक कुमार श्रीकांत तिवारी बिरेन्द्र मिश्रा प्रमोद राय श्रीधर तिवारी विजेन्द्र राय सत्य प्रकाश राय जितेन्द्र शर्मा रजि अहमद पन्नग त्रिपाठी नवीन कुमार अशोक यादव संतोष पांडेय घनश्याम उपाध्याय प्रेम प्रकाश पाण्डेय अरुण सिंह रवि राम सुर्य कुमार अशोक सिंह रवि राम आशुतोष ठाकुर राम बचन तिवारी नागेन्द्र मिश्रा फजलु लक्ष्मण ठाकुर रहमान राजेन्द्र ओझा रतन धमालिया अमिता पांडेय सुशीला देवी प्रभा सिंह यादव शशि भूषण पांडेय सैयद राशिद हुसैन मालती पांडेय प्रो तिर्थनाथ दुबे बलराज ठाकुर निर्मल सिंह एस पी राय सत्यनारायण सिन्हा अरसद रिजवी शिव शंकर चौबे ललन कुशवाहा रघुराज ओझा मुकेश चनबंशी श्याम सुंदर पांडेय राकेश कुमार मुन्ना अब्दुल सलाम कुरैशी राकेश त्रिपाठी गोपाल कृष्ण गोखले आदि लोग शामिल हुए।

# काशी विश्वनाथ के तर्ज पर बनेगा सहार दुर्गा पंडाल

संवाद सूत्र ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।।

सहार श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण में कई दशकों से दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 1938 से ही सहार बाजार में अवस्थित श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण में दुर्गा पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस बार सहार दुर्गा पूजा पंडाल काशी विश्वनाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया जाएगा। जिसके लिए सोनू टेंट हाउस के पंडाल कारीगरों द्वारा बनाया जाएगा। हालांकि दुर्गा पंडाल बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक के रूप में देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं दुर्गा पंडाल में लगभग 200 मी का गुफा बनाया जाएगा। जिसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की जाएगी। मां दुर्गे की मूर्ति बनाने का कार्य आरा के बहुचर्चित कलाकार शंभू मिस्त्री द्वारा चलंत मूर्ति का रूप देंगे। जिससे काफी आकर्षक एवं मनमोहक शो देखने को मिलता है। मां दुर्गे का पूजा 10 दिनों तक चलता है। इसी बीच सप्तमी से लेकर दसवीं तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वही नवमी के दिन हवन कार्यक्रम में हजारों की तादात में श्रद्धालु एकत्रित होकर हवन करने का कार्य करते हैं। तत्पश्चात घी से बनी प्रसाद फल एवं



खीर का वितरण किया जाता है और कुंवारी कन्याओं की भोज कराई जाती है। एवं अंग वस्त्र के साथ कुंवारी कन्याओं को खुश कर आशीर्वाद लेने का कार्य किया जाता है। सहार प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य जगहों से भी दुर्गा माता को देखने के लिएअं श्रद्धालु आते हैं।

दुर्गा पूजा में 9 दिन ब्राह्मणों के सानिध्य में दुर्गासप्तशती का पाठ संकल्प पूजा अर्चना तथा आरती संपन्न किया जाता है और अंतिम दिन विधिवत रूप से पूजा मंडली के साथ-साथ सैकड़ो ग्रामीण के द्वारा एकत्रित होकर हवन एवं महा आरती का आयोजन मे भाग लेते हैं। और प्रसाद वितरण किया जाता है। इसके बाद सहार सोन नदी तट पर सूर्य मंदिर के प्रांगण में दसवीं के दिन हर्षो उल्लास के साथ रावण का वध करके लंका दहन विधवत रूप में देखने को मिलता है यह परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को देखने के लिए श्रद्धालु हजारों की संख्या में प्रखंड सहित अन्य जगहो से पहुंचते हैं। विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था होती है। और एकादशी के दिन सोन नदी में मां दुर्गे के प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। इस बार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष- मनोहर कुमार उर्फ मंटू,उपाध्यक्ष -अमित कुमार, सचिव- विक्रमादित्य चौधरी उर्फ विक्की ,उपसचिव- प्रफुल्ल कुमार नंदन ,सौरभ केसरी व्यवस्थापक वकील साह, विमल मौआर, गोविंद प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, अशोक साहू, सुनील कुमार तथा नवयुवक मंडली के देखरेख में इस बार का दुर्गा पूजा पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

# आपदा को अवसर में बदलना इनसे सीखें...बाढ़ से बने गड्ढों को लीज पर लेकर शुरू किया मछली पालन

देश के ग्रामीण इलाकों में मछली पालन आमदनी का एक बढ़िया जरिया है. बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र में किसान इस व्यवसाय की तरफ रुख कर कर रहे हैं. किसान मछली पालन कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं. एक ओर जहां मछली पालन में नई-नई तकनीक आ चुकी है. इन तकनीकों से कम जगह, कम पैसा और कम मेहनत में ही अच्छा मुनाफा मिल जाता है, तो दूसरी ओर पुराने तकनीक से आज भी मछली उत्पादन कर अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं. इसी श्रेणी में बेगूसराय के किस रंधीर महतो भी शामिल है. रंधीर महतो ने गांव में आए आपदा को अवसर में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ी. मछली पालन कर लागत से 10 गुना अधिक आमदनी प्राप्त कर रहे हैं

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी**

चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा काली मंदिर के समीप सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें सड़क पार कर रही वृद्धि महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में जख्मी महिला को इलाज के लिए सीएचसी चरपोखरी लाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में जख्मी



महिला का इलाज हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी महिला की पहचान ढ़िबरा टोला गांव निवासी सिधारी की पत्नी नैना देवी बताई जाती है घटना के संबंध में बताया जाता है कि वृद्ध महिला अपने मायके पहुंची हुई थी और उसी दरमियान किसी कार्य के लिए सड़क की तरफ गई हुई थी तभी सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# लापता मजदूर का डेढ़ महीने बाद भी सुराग नहीं
## *अनहोनी की आशंका से सहमे है परिजन*

**दैनिक समाज जागरण रवि शंकर शर्मा**

अगिआंव गड़हनी थाना क्षेत्र के लहारपा गांव निवासी 45 वर्षीय राज किशोर यादव करीब डेढ़ महीने से लापता है। युवक के परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी है .जिसको लेकर परिजनों ने वरीय पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मामले पर सुनवाई करने की गुहार लगाई है। युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के निवासी सीता यादव के पुत्र राजकिशोर यादव है जो आरा मजदूर का काम के लिए रोजाना यात्रा करते है. पत्नी मोतीझारो देवी ने बताया की 14 सितंबर को



आरा काम गए थे और काम के बाद शाम में उन्होंने आरा सदर अस्पताल जाने का जिक्र किया था। जो कि संध्या होने बाद भी वापस नहीं आए .दूसरे दिन भी काफी खोजबीन और रिश्तेदारों के यहां जानकारी लेने के बावजूद भी कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके उपरांत संबंधित थाने में भी सूचना की गई मगर अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सका और ना ही कोई सुराग मिल सके है। बता दें कि गयब युवक के दो पुत्र और चार पुत्री है. पत्नी और बच्चो को दिन-रात बस पिता की चिंता सताए जा रही है।

# रसोइयां फ्रंट का मानदेय बृद्धि को ले प्रदर्शन

पीरो।सतीश कुमार। सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने हेतु बहाल रसोइयों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले सैकडों की संख्या में रसोइयों ने प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। फ्रंट के अध्यक्ष उपेन्द्र रवानी व सचिव महेन्द्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान रसोइयों ने कहा कि फिलवक्त उन्हें प्रतिमाह महज 1650 रुपए मानदेय का भुगतान किया जाता है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। जबकि वे प्रतिदिन छह घंटे विद्यालय में अपनी सेवा देती हैं। इतने कम मानदेय से महंगाई के इस दौर में घर-परिवार चलाना संभव नहीं है। निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मानदेय का भुगतान श्रम कानून का उल्लंघन है। ऐसा करके सरकार उनका शोषण कर रही है। रसोइयों ने कहा कि उनकी मेहनत व कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर कम से कम 18000 रुपए मासिक मानदेय



निर्धारित होना चाहिए। रसोइयों के अनुसार उन्हें जो अल्प मानदेय का भुगतान किया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता है। उन्हें साल में केवल दस महीने के मानदेय का भुगतान ही किया जाता है जो उनके साथ सरासर अन्याय है। फ्रंट के नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिस तरह दलित मसादलित समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर शिक्षा सेवकों व विकास मित्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है उसी तरह रसोइयों को भी सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। क्योंकि रसोइयों में सबसे अधिक तादाद दलित मसादलित व पिछड़े समुदाय का है। यहां आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में मानती देवी, मीना देवी, चंद्रावती देवी, धर्मशीला देवी, प्रमीला देवी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, चिंता देवी, हीरामुनी देवी, कांति देवी आदि शामिल थी।

